



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 214/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 18 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## पीएम का ट्वीट: धार में बनेगा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क

### 2 लाख रोजगार मिलेंगे, मुख्यमंत्री ने किया प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मध्यप्रदेश के धार जिले में पीएम मित्र मेगा एकीकृत टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने के लिये अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह निर्णय टेक्सटाईल सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के अनेक अवसर सृजित करने में मददगार साबित होगा। मध्य प्रदेश के धार जिले में पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क बनेगा। केंद्र ने देश के सात राज्यों में यह पार्क शुरू करने की मंजूरी दी है। इसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है। इसके शुरू होने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद ट्वीट कर यह जानकारी दी है।



उन्होंने ट्वीट में लिखा, पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र को बढ़ावा देंगे। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी और यूपी में स्थापित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने लिखा है कि पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क कपड़ा क्षेत्र के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा, करोड़ों का निवेश होगा और लाखों लोगों नौकरियां मिलेंगी। यह मेक इन इंडिया और मेक फार द वर्ल्ड का एक बेहतरीन उदाहरण होगा।

### पीएम मित्र पार्क योजना

केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय ने 7 मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाईल रीजन एंड अपैरल (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने के लिए 4,445 करोड़ रूपये की पीएम मित्र पार्क योजना शुरू की थी। योजना का उद्देश्य कपड़ा उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक बुनियादी सुविधाओं का विकास करना है। यह योजना प्रधानमंत्री के 5-एफ विजन - फार्म से फाइबर, फाइबर से फैक्ट्री, फैक्ट्री से फैशन और फैशन से फॉरेन तक से प्रेरित है। यह एक आत्म-निर्भर भारत के निर्माण की दृष्टि को पूरा करने और भारत को वैश्विक वस्त्र मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने की आकांक्षा रखता है।

पीएम मित्र पार्क स्थापित करने में कई राज्यों ने रूचि दिखाई और अपना प्रस्ताव कपड़ा मंत्रालय को दिया था। एक साल के लंबे मूल्यांकन, चर्चा और सूचना साझा करने के बाद 17 मार्च 2023 को चयनित राज्यों की सूची की घोषणा की गई है। पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए चयनित 7 राज्यों में मध्यप्रदेश भी शामिल है। पीएम मित्र साइटों का चयन केन्द्र सरकार द्वारा एक चुनौती पद्धति के माध्यम से किया गया था।

मध्यप्रदेश सरकार विश्व स्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढाँचे के साथ 1,000 एकड़ से अधिक भूमि पार्सल में एकीकृत बड़े पैमाने पर कपड़ा और परिधान पार्क स्थापित करने की इच्छुक है, जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को आकर्षित करेगी। साथ ही कपड़ा क्षेत्र में एफडीआई और स्थानीय निवेश को बढ़ावा देगी।

पार्क को आंतरिक सड़कों, बिजली वितरण बुनियादी ढाँचे, जल और अपशिष्ट जल उपचार संयंत्रों, प्लग एंड प्ले इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, फैक्ट्री साइट्स, ऊष्मायन केंद्र इत्यादि जैसी सभी बुनियादी आधारभूत सुविधाओं के साथ विकसित करने की योजना है। पार्क में सहायक सुविधाएँ भी शामिल होंगी, जिसमें एक सामान्य प्र-संस्करण इकाई, सामान्य प्रवाह उपचार संयंत्र (सीईटीपी), श्रमिकों के छात्रावास और आवास (विशेष रूप से महिला श्रमिकों के लिए), स्वास्थ्य सुविधा, प्रशिक्षण और कौशल विकास, भंडारण, रसद आदि हैं। एक ही स्थान पर एकीकृत कपड़ा मूल्य श्रृंखला के साथ प्रस्तावित पार्क उद्योग की रसद लागत को कम करेगा और राज्य में कपड़ा और परिधान उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करेगा। इस पार्क से रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे एक लाख प्रत्यक्ष और 2 लाख अप्रत्यक्ष लोगों को रोजगार मिल सकेगा। केन्द्र सरकार 2 चरणों में 500 करोड़ रूपये (300 करोड़ + 200 करोड़ रुपये) के विकास पूँजी समर्थन (डीसीएस) के रूप में प्रस्तावित पार्क की स्थापना का समर्थन करेगी।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह निर्णय टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के अनेक अवसर सृजित करने में मददगार होगा। पीएम मित्र पार्क स्थापित करने में कई राज्यों ने रुचि दिखाई और अपना प्रस्ताव कपड़ा मंत्रालय को दिया था।

एक साल के लंबे मूल्यांकन, चर्चा और सूचना साझा करने के बाद चयनित राज्यों की सूची की घोषणा की गई है। कपड़ा क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) योजना में मध्यप्रदेश को सर्वाधिक 3,513 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। पीएम मित्र पार्क योजना मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के दृष्टिकोण को पूरा करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगी।




## प्रस्फुटन समिति के राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज जंबूरी मैदान में प्रस्फुटन समिति के राज्य स्तरीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना और राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन हुआ। कन्या पूजन और बहनों के पूजन से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। श्री चौहान का प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आई बहनों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी बहनों को शाल ओढ़ा कर स्वागत किया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ जामदार, परिषद के महानिदेशक बीआर नायडू, कार्यपालक निदेशक धीरेंद्र पांडे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में स्वागत संबोधन में डॉ जामदार ने कहा कि आज पूरे प्रदेश की बहने यहां उपस्थित हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश उन्नत प्रदेश बन गया है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वर्णिम मध्यप्रदेश का सपना देखा। वे निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। जनता की सेवा कर रहे हैं। सिंचाई हो या विद्युत क्षेत्र। बेटियों और बहनों का कल्याण हो या प्रदेश की विकास दर में वृद्धि, मध्यप्रदेश इनमें आगे हैं। मध्यप्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में विकास हुआ है।

## चंबल में श्रद्धालुओं पर मगरमच्छ का हमला, 8 बहे, 2 के शव मिले, 6 लापता

**मुरैना।** मध्यप्रदेश से कैला देवी के दर्शन करने राजस्थान जा रहे 8 श्रद्धालु चंबल नदी में बह गए। रेस्क्यू टीम को दो के शव मिले हैं। 6 लोग लापता हैं। गोताखोर उनकी तलाश कर रहे हैं। घटना मुरैना, श्योपुर और राजस्थान के बॉर्डर के बीच हुई। श्रद्धालुओं के जत्थे में 17 लोग थे। 9 लोग सुरक्षित हैं। सभी शिवपुरी जिले के तेंदुआ थानाक्षेत्र के चिलावद गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं।



श्योपुर जिले के बीरपुर और मुरैना जिले के टेंटरा थाने से पुलिस मौके पर है। टेंटरा थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय ने बताया कि सभी श्रद्धालु एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी पार कर रहे थे। जिस जगह हादसा हुआ है, वहां कोई पुल या नाव की व्यवस्था नहीं है। बीरपुर थाना प्रभारी हिमांशु भार्गव का कहना है मगरमच्छ के हमला करते ही श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। बचने की जद्दोजहद में श्रद्धालु बह गए। स्थानीय गोताखोर बोट के जरिए लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच रही है। राजस्थान का पुलिस-प्रशासन भी मौके पर है। प्रत्यक्षदर्शी राडी गांव निवासी कुटन रावत ने बताया कि नदी में जहां पानी कम था, वहां से सभी पार कर रहे थे। इतने में मगरमच्छ ने हमला कर दिया। इससे लोगों में भगदड़ मच गई। कुछ लोग गहरे पानी में चले गए। हालांकि, शुरुआत में यह जानकारी आई थी कि नाव पलटने से हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि शवों पर दांत के निशान भी मिले हैं।

### मुख्यमंत्री ने दुख व्यक्त किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से रेस्क्यू की मॉनिटरिंग की जा रही है।

## अगर किसी से गलती हुई है तो बख्शा नहीं जाना चाहिए: शाह

### अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर बोले केंद्रीय गृहमंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की विपक्ष की मांग पर अपनी चुप्पी तोड़ी। एक कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही मामले का संज्ञान लिया है और एक जांच समिति का गठन किया है।

अमेरिका स्थित शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की ओर से गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले समूह के खिलाफ धोखाधड़ी लेनदेन और शेयर मूल्य में हेरफेर सहित कई आरोप लगाए जाने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट आई थी, हालांकि समूह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा बताते हुए खारिज कर दिया था। इस मामले में अदाणी समूह ने कहा है कि वह सभी कानूनों और नियामकीय जरूरतों का



पालन करता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमारी सरकार को इस मामले में कोई भ्रम नहीं है। हमारा कहना है कि उच्चतम न्यायालय ने इसकी जांच के लिए एक समिति गठित की है और लोगों को न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा करना चाहिए। शाह ने कहा कि अगर किसी के पास सबूत है तो उसे उच्चतम न्यायालय की समिति के समक्ष पेश करना चाहिए।

## मोटे अनाज पर डाक टिकट-सिक्का जारी किया

### मिलेट्स की कामयाबी भारत की जिम्मेदारी, यह दुनिया की भलाई के लिए जरूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में होने वाली ग्लोबल मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन कर दिया है। यह कॉन्फ्रेंस दिल्ली के इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर कैंपस में आयोजित की गई है। इस मौके पर पीएम मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 पर एक डाक टिकट और सिक्के का अनावरण किया। प्रधानमंत्री ने बायर सेलर मीट और प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।



इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत के प्रस्ताव और प्रयासों के बाद ही संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। जब विश्व अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष मना रहा है तब भारत इस अभियान की अगुवाई कर रहा है। ग्लोबल मिलेट्स कॉन्फ्रेंस इसी दिशा का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस तरह के आयोजन न केवल वैश्विक भलाई के लिए जरूरी हैं बल्कि वैश्विक भलाई में भारत की बढ़ती जिम्मेदारी का भी प्रतीक हैं।

मिलेट्स यानी श्री अन्न-हमारे देश में मिलेट्स को अब श्री अन्न की पहचान दी गई है। यह सिर्फ खेती और खाने तक ही सीमित नहीं है। श्री अन्न भारत में समग्र विकास का एक माध्यम बन रहा है। इसमें गांव और गरीब भी जुड़ा है। भारत के 75 लाख से ज्यादा किसान आज वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े हैं।

### जून में योग दिवस पर अमेरिका जाएंगे मोदी, बाइडेन दे सकते हैं स्टेट डिनर

प्रधानमंत्री मोदी जून में अमेरिका जाने वाले हैं। इस दौरान अमेरिका के राष्टपति जो बाइडेन उन्हें स्टेट डिनर के लिए न्योता दे सकते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति बनने के बाद ये बाइडेन का तीसरा स्टेट डिनर होगा। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के लिए दिसंबर 2022 में डिनर आयोजित किया था। वहीं बाइडेन साउथ कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यिओल को 26 अप्रैल को स्टेट डिनर के लिए न्योता दे चुके हैं।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, न्यूयॉर्क में पीएम मोदी यूएन मुख्यालय में विश्व योग दिवस कार्यक्रम के शामिल होंगे। इसके बाद शिकागो में भारतीय समुदाय के साथ मोदी एक बड़े कम्युनिटी कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इस मीटिंग से पहले पीएम मोदी और राष्टपति बाइडेन मई में ऑस्ट्रेलिया में होने वाली क्वाड मीटिंग के दौरान भी मिलेंगे।




**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज घोड़ा नक्कास क्षेत्र लक्ष्मीनारायण मंदिर साहू समाज में मां कर्मा देवी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज बंधुओं को बधाई दी। मां कर्मा देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

पूर्व विधायकों का सम्मेलन

## विधायिकाओं का कम समय चलना चिंता की बात: गिरीश गौतम

**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने कहा है कि आपकी बात नए विधायकों के लिए प्रेरणा बनती है। राजनीतिक व्यक्ति के सामने तीन अवस्था होती हैं। बीते समय का पश्चाताप, वर्तमान का तनाव, भविष्य का भय। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने संसद, विधानसभा का कम समय तक चलना चिंता का विषय है। चे आज विधानसभा भवन के मानसरोवर सभाकक्ष में आयोजित प्रदेश के पूर्व विधायकों के स्नेह मिलन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर श्री गौतम ने आश्वासन दिया कि इसी सत्र में पूर्व विधायकों को 60



हजार रुपये महीना पेंशन दिलाने का प्रयास करूंगा। प्रोटोकाल में सत्र न्यायाधीश के साथ सांसद-विधायक का नाम जोड़ने का भी प्रयास करूंगा। आपको सम्मान दिलाने में अपनी तरफ से पूरी ताकत लगाता रहूंगा।

### विधानसभा की गरिमा बनाना पक्ष और विपक्ष दोनों का काम: विजयवर्गीय

इससे पहले सम्मेलन के दौरान पूर्व विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि विधानसभा की गरिमा बनाना पक्ष और विपक्ष दोनों का काम है। दुर्भाग्य से विधानसभा कम चल रही है। हम अभूतपूर्व विधायक हैं, अभी भी सकारात्मक काम कर सकते हैं। अध्यक्ष जी, हमें अभी भी कुछ काम दीजिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के घरों को ही मानीटरिंग जैसे अन्य कार्य दे सकते हैं।

## भारत-पाकिस्तान के बीच फिर शुरू होगा व्यापारिक संबंध?

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में भारत के उप उच्चायुक्त सुरेश कुमार ने शुक्रवार को लाहौर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एलसीसीआई) को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने साफ किया कि भारत की तरफ से कभी भी पाकिस्तन के साथ व्यापारिक रिश्तों को खत्म नहीं किया गया। उन्होंने ये भी कहा कि हम व्यापारिक संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है।



डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, भारतीय उच्चायुक्त ने कहा, भारत हमेशा पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहता है क्योंकि हम अपना भूगोल नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंधों की ओर बढ़ना चाहते हैं। हमने पाकिस्तान के साथ व्यापार भी नहीं रोका। पाकिस्तान ने खुद व्यापारिक रिश्तों को रोका है। कुमार ने कहा, यह देखना बेहतर होगा कि हम अपनी समस्याओं और स्थितियों को कैसे बदल सकते हैं।

बता दें कि 2019 में जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार को निलंबित कर दिया था और इस्लामाबाद में अपने उच्चायुक्त को निष्कासित कर दिया।

## बेमौसम बारिश: यूपी-बिहार में अलर्ट जारी मप्र में अगले दो दिन बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में शनिवार सुबह हल्की बारिश हुई। प्रदेश के कई इलाकों में बारिश के चलते मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम विभाग का कहना है कि रविवार को भी दिल्ली में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, बिहार समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार को बारिश के साथ ओले भी गिरे। राजस्थान में बारिश के बीच बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई।

देश में पिछले कई दिनों से बेमौसम बारिश जारी है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिन मौसम ऐसा ही रहने वाला है। हरियाणा के कैथल, नरवाना में गरज के साथ हल्की बारिश और दिल्ली के




अलीपुर, बुराड़ी, करावल नगर इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

बिहार के 26 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के 33 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। मध्यप्रदेश में 20 मार्च तक बेमौसम बारिश होने और कई जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी है।

### आधे एमपी में 20 मार्च तक बेमौसम बारिश

आधे से ज्यादा मध्यप्रदेश में 20 मार्च तक बेमौसम बारिश का दौर जारी रहेगा। दो सिस्टम एक्टिव होने से ओले भी गिर रहे हैं। कई शहरों में हवा की स्पीड 75च्यद्ध प्रति घंटा तक पहुंच गई। शनिवार को भी भोपाल, इंदौर, उज्जैन और चंबल संभाग भीगेंगे। मौसम वैज्ञानिकों ने ओलावृष्टि होने और तेज आंधी चलने की संभावना भी जताई है।

14 मार्च से ही प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। 16-17 मार्च से मौसम ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो गया है। शुक्रवार को भी लगभग आधे एमपी में बारिश का दौर जारी रहा। उज्जैन, दमोह, अशोकनगर, नर्मदापुरम, खरगोन और सागर में तेज बारिश हुई। वहीं, प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी ऐसा ही मौसम बना रहेगा। पिछले 24 घंटे में रायसेन के बाड़ी में 2.51 इंच तक पानी गिरा। बैतूल के शाहपुरा में 1.88 और भैंसदेही में 1.11 इंच बारिश हुई। शिवपुरी के बैराड़ में 1.20 इंच पानी गिरा। सिवनी के बरघाट में 2.28, छिंदवाड़ा के अमरवाड़ा में 1.22 इंच पानी गिरा।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस

**बेंगलुरू।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक हुई। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के हेडक्वार्टर में हुई बैठक में पार्टी ने चुनाव में किसी के साथ गठबंधन नहीं करने का फैसला किया है। गठबंधन के सवाल पर कर्नाटक के



कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि हमने किसी के साथ गठबंधन नहीं किया है। हम अकेले आए हैं, हम अकेले ही लड़ेंगे और जीतेंगे। सीईसी की मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी भी शामिल थे।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सीईसी की बैठक में 224 सीटों वाले कर्नाटक विधानसभा में 110 सीटों पर उम्मीदवार तय कर लिए हैं। उम्मीदवारों की पहली लिस्ट 20 मार्च को जारी होगी। जानकारी के मुताबिक, इसमें चार से पांच सीटों को छोड़ सभी मौजूदा विधायकों को टिकट दिए जाएंगे। कांग्रेस उम्मीदवारों की लिस्ट में कर्नाटक शिवकुमार के भाई डीके सुरेश का भी नाम हो सकता है।

# सहकारिता से समृद्धि: डॉ. अमित मुद्गल

## संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में युवाओं के लिए सहकारिता जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित






**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में सहकारिता पर जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय के ई-सेल एवं सहकारी प्रबंध संस्थान भोपाल के सौजन्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. अमित मुद्गल, प्रोग्राम डायरेक्टर, इंस्टीट्यूट ऑफ कोऑपरेटिव मैनेजमेंट, विशेष अतिथि राजेन्द्र सक्सेना, नेशनल ट्रेनर, जीवन कौशल एवं और उद्यमिता कौशल, और रश्मि गोल्या, मैनेजमेंट फेकल्टी, सॉफ्ट स्किल टेऊनर, सोशल मीडिया इन्फ्लूएन्सर के रूप में उपस्थित थे।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. डालिमा पारवानी ने कोरपोरेट अवेयरनेस को समय की आवश्यकता बताते हुए सर्विस देने, उद्योग स्थापित करने के लिए एक-दूसरे से जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता डॉ. अमित मुद्गल ने महिला सशक्तिकरण से अपने उद्बोधन को प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम आर्थिक निर्भरता को समाप्त करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने छात्राओं को डिग्री का रिटर्न ऑफ इन्वेस्टमेंट, नौकरी न समझकर उद्यमिता विकास को अपनाने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि सहकारिता आंदोलन आजादी से पूर्व लगभग 150 साल पुराना है, जिसका मुख्य उद्देश्य गरीब जनसंख्या को जीवन-यापन के लिए शोषण से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने मंच के माध्यम से नारीशक्ति का आह्वान किया कि वे अपने नेतृत्व गुण को विकसित करते हुए समाज एवं जनता को देने वाले व्यक्ति का स्वरूप धारण करें एवं देश की सफलता में योगदान दें।

## सीआरपीएफ की महिला बाइकर्स की रैली को झंडी दिखाकर जगदलपुर के लिए रवाना किया

# महिला बाइकर्स ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया: महापौर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय ने सीआरपीएफ की महिला बाइकर्स की रैली को जगदलपुर के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। सीआरपीएफकैम्प बंगरसिया में आयोजित कार्यक्रम में महापौर श्रीमती मालती राय ने उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कहा कि सीआरपीएफकी महिला जवानों के साहसिक कार्य निश्चित ही अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणादायक है। श्रीमती राय ने सीआरपीएफ की नारी शक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि महिला बाइकर्स ने महिलाओं का सम्मान बढाया है। महापौर श्रीमती राय ने महिला बाइकर्स को रैली की सफ्लता हेतु शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के अधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

सीआरपीएफ की महिला बाइकर्स दिल्ली से जगदलपुर की 1860 किमी की यात्रा पर जाते हुए भोपाल में तीन दिन रूकीं और शौर्य स्मारक लिंक रोड नंबर 1 पर परेड व अन्य साहसिक प्रदर्शन करने के उपरांत शुक्रवार को जगदलपुर के लिए रवाना हुई।


## नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने पुरस्कार किए वितरित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने उमंग उत्सव - 2023 के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव श्री प्रतीक हजेला, आयुक्त नि:शक्तजन कल्याण श्री संदीप रजक उमंग गौरव दीप संस्था की श्रीमती दीप्ती पटवा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य व गणमान्य नागरिका मौजूद थे।

उमंग गौरव दीप वेल्फेयर सोसायटी द्वारा राजधानी के आंचलिक विज्ञान केन्द्र में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है कि उमंग उत्सव के प्रतिभागी दिव्यांग बच्चे अलग-अलग परिस्थितियों को चुनौती देते हुए अपनी प्रतिभा को पहचान कर समाज के अन्य लोगों के लिए प्रेरणा बनें है जो निश्चित ही अनुकर्णीय है। श्री सूर्यवंशी ने दिव्यांग बच्चों के अविभावकों व परिवार के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन बच्चों के अविभावकों व परिवार के प्रयास वंदनीय है।

## देवांश का सुयश



भोपाल। मिठ्ठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल संत हिरदाराम नगर के कक्षा प्रथम के छात्र देवांश चोटरानी ने कक्षा में सर्वोत्तम 91.5 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के लिए मून लाईट टाइम्स परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई।

## मिठ्ठी स्कूल में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए ऑरियेंटेशन सत्र आयोजित



**संत हिरदाराम नगर।** 2023-24 सत्र के आरंभ से पूर्व शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठ्ठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली के विद्यार्थियों व अभिभावकों हेतु ऑरियेंटेशन सत्र का आयोजन किया गया। सिद्ध भाऊ ने अभिभावकों के नाम अपने सम्प्रेषित संदेश में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अपने बच्चों में संस्कारों का रोपण करें। जिससे वे भविष्य में गुणवत्तापूर्ण नागरिक बन सकें। माता-पिता अपने बच्चों के प्रथम नायक होते है जिन्हें बच्चा स्वीकार करके चलता है। अत: माता-पिता के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों को व्यवहारिक गुणों की भी शिक्षा प्रदान करें तथा विद्यालय परिवार भी विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर संस्था के सचिव ए.सी. साधवानी, संस्था की अकादमिक हेड जयश्री मूर्ति ने भी संबोधित किया।

# भोपाल हाट में दिव्य कला मेला 2023 आयोजित

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने किया आयोजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा भोपाल हाट में दिव्य कला मेला 2023 आयोजित किया गया है जिस में दिव्यांग व्यक्तियो को अपने उत्कृष्ट उत्पादों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया गया है। जिसमें कि योगांश फाउंडेशन दिल्ली को भी एक स्टॉल मिला है। इसमें दिव्यांग जनों द्वारा निर्मित उत्पादों को समक्ष रखा गया है। योगांश फाउंडेशन के अध्यक्ष सागर राउत द्वारा एक मिशन के तहत दिव्यांग जनों व बेरोजगार महिलाओं को एक ट्रेनिंग के माध्यम से दिव्यांग जनों के अंदर छिपी प्रतिभा को एक मंच प्रदान किया गया है जिसमें कि वह अपने अंदर छिपी प्रतिभा का प्रदर्शन एक विशाल मंच पर कर रहे है। स्टॉल का प्रतिनिधित्व सागर राउत (लाइफ काउंसलर) एवं योगांश फाउंडेशन की टीम कर रहे है। योगांश फाउंडेशन के अध्यक्ष सागर राउत जो स्व्य एक दिव्यांग है और एक मिशन के तहत दिव्यांग क्षेत्र के उत्थान हेतु कार्यरत है, पिछले 2 वर्षो से दिल्ली क्षेत्र में विकलांग लोगो के विकास में प्रयासरत है। जिसमें की दिव्यांग लोगों व महिलाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया एवम विभिन्न वस्तुएं बनवा कर उन्हे स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि वह भारत सरकार बी के साथ मिलकर विभिन्न क्षेत्रों में इसी प्रकार से ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित कर के दिव्यांग जनों को इसी प्रकार से आगे लेकर आएंगे।



## विश्वकर्मा समाज का प्रतिनिधि मंडल पूर्व मुख्यमंत्री से मिला



**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में गुरुवार को विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ से भेंट की। 51 व्यक्तियों के प्रतिनिधि मंडल ने पुष्पगुच्छ से कमलनाथ का सम्मान कर समाज की मांगों से अवगत कराया। जिनमे विश्वकर्मा समाज को पार्टी में राजनीतिक भागीदारी देने तथा लौह एवं काष्ठ कला प्रकोष्ठ के गठन जैसी मांग महत्वपूर्ण हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने तुरंत लौह एवं काष्ठ कला प्रकोष्ठ का गठन कर विष्णु विश्वकर्मा को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके साथ ही विश्वकर्मा समाज के जो लोग पार्टी में जनाधार रखते है, उनको विधानसभा टिकिट देने पर विचार करने का आश्वासन भी कमलनाथ ने दिया। तत्पश्चात सर्व विश्वकर्मा समाज समिति के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा ने उपस्थित सभी समाज बंधुओ का आभार व्यक्त किया, मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शिवराज ओझा, जे पी विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, सत्यनारायण विश्वकर्मा, नवनीत विश्वकर्मा, प्रवीण विश्वकर्मा, हरीश विश्वकर्मा, बलराम विश्वकर्मा, गोवर्धन विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र, जितेंद्र, आनंद विश्वकर्मा, विजय, शिवराज पिपरोदिया, एम एल लहरिया एवं सभी सामाजिक लोगों ने विष्णु विश्वकर्मा के लौह एवं काष्ठ कला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई दी।

# आदमपुर छावनी में एबीसी सेंटर के शेष कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें: निगमायुक्त

## प्लास्टिक वेस्ट परिवहन हेतु वाहनों की संख्या में भी वृद्धि करने के निर्देश



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

नगर निगम आयुक्त के.वी.एस. चौधरी ने आदमपुर छावनी लैंडफिल साईट का निरीक्षण किया और एबीसी सेंटर, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन स्थल सहित अन्य कार्यों का अवलोकन किया एवं एबीसी सेंटर के शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कर श्वानों की नसबंदी प्रारंभ करने व सतत निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने, पानी की व्यवस्था हेतु नलकूप खनन कराकर सौलर पंप स्थापित करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त चौधरी ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन स्थल के समीप की भूमि का समतलीकरण कर वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण हेतु भूमि तैयार करने, श्रेडो मशीन की गति बढ़ाने, प्लास्टिक वेस्ट परिवहन से संलग्न वाहनों की संख्या बढ़ाने तथा यार्ड क्रमांक 3 के पीछे से प्लास्टिक कचरा शीघ्रता से हटाकर भूमि रिक्त करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्तद्वय एम.पी.सिंह व विनीत तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

नगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शुक्रवार को आदमपुर छावनी लैंडफिल साईट का निरीक्षण किया और यहां निर्माणाधीन एबीसी सेंटर के कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने एबीसी सेंटर के शेष कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने और श्वानों की नसबंदी का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। श्री चौधरी ने एबीसी सेंटर पर सतत निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने, पानी की व्यवस्था हेतु नलकूप खनन कराने व इस पर सौलर पंप स्थापित करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित कंपनी के प्रतिनिधियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की व स्थल के समीप खाली भूमि का समतलीकरण कराकर वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण हेतु भूमि तैयार करने, यार्ड क्रमांक 3 के पीछे की भूमि से प्लास्टिक कचरे को शीघ्र हटाकर भूमि रिक्त करने के निर्देश दिये ताकि यहां प्रस्तावित कार्यों को प्रारंभ किया जा सके। निगम आयुक्त ने श्रेडो मशीन का अवलोकन किया और मशीन पर कार्य की गति बढ़ाने तथा प्लास्टिक वेस्ट परिवहन हेतु वाहनों की संख्या में भी वृद्धि करने के निर्देश दिये।

निगम आयुक्त श्री के.वी.एस. चौधरी ने आदमपुर में वृक्षारोपण स्थल का भी निरीक्षण किया और पूर्व में रोपित पौधों की निंदाई, गुड़ाई करने व पर्याप्त देखभाल एवं सिंचाई करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने वृक्षारोपण स्थल के समीप की रिक्त भूमि से बड़े पत्थरों को हटाकर भूमि का समतलीकरण करने और वर्षा ऋतु में इस भूमि पर वृक्षारोपण हेतु तैयारियां करने के निर्देश दिये।

## कलेक्टर व निगम आयुक्त ने लिया मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना शिविरों का जायजा



भोपाल। जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया एवं निगम आयुक्त श्री के.वी.एस. चौधरी ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्ड क्षेत्रों में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत समग्र ई-केवायसी कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत आवेदन करने के लिए पात्र महिला हितग्राही की समग्र आईडी एवं ई-केवायसी होना भी अनिवार्य है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लाभ से कोई भी पात्र महिला वंचित न रहे इसके लिए अभियान के रूप में महिलाओं की समग्र आईडी एवं ई-केवायसी की जा रही है। कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया एवं निगम आयुक्त श्री के.वी.एस. चौधरी द्वारा जोन क्रमांक 13 के वार्ड क्रमांक 55 अंतर्गत 16 एकड़ झुग्गी बस्ती बाग मुगालिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण कर कार्य का जायजा लिया गया।



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ महू में पीड़ित आदिवासियों से मिलने गए। उनके साथ पूर्व मंत्री विजय लक्ष्मी साधो व अन्य नेता मौजूद रहे।

# डीआईजी बंगले से निकलेगी विशाल भगवा यात्रा, हजारों मोटरसाइकिल सवार रहेंगे मौजूद

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 20 से ज्यादा टोलियां होंगी यात्रा में शामिल

भोपाल। हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में जागृत हिंदू मंच और सकल हिंदू समाज के संयुक्त तत्वावधान में पहली भगवा यात्रा रविवार को शाम चार बजे डीआईजी बंगले से निकाली जाएगी। इस यात्रा को सफल बनाने के लिए मंच द्वारा लगभग दो माह से शहर में एक दर्जन से ज्यादा बैठकें की जा चुकी हैं। मंच के मार्गदर्शक डॉ. दुर्गेश केसवानी ने बताया कि इस धर्म जागरण यात्रा में भाग लेकर लोग धूमधाम से नववर्ष का स्वागत करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने और यातायात के नियमों का पालन करने की भी सीख दी जाएगी। यात्रा के लिए अब तक 5000 से ज्यादा



मोटसाइकिल सवारों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। यात्रा को विधायक रामेश्वर शर्मा और पूर्व सांसद आलोक संजर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और राम मंदिर खटलापुरा में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग यात्रा का स्वागत करेंगे। यात्रा में पूरे शहर से धर्म प्रेमियों की 20 से ज्यादा टोलियां शामिल होंगी।

यात्रा डीआईजी बंगले से शुरू होकर काजीकैंप, सिंधी कालोनी चौराहा, भोपाल टॉकीज चौराहा, लक्ष्मी टॉकीज, सिंधी मार्केट होते हुए पीरगेट पहुंचेगी। इसके बाद इकबाल मैदान, कमला पार्क, पॉलीटेक्निक चौराहा होते हुए रोशनपुरा पहुंचेगी। यहां से यात्रा राज भवन चौराहा, पुलिस कंट्राले रूम तिराहा होते हुए खटलापुरा मंदिर पहुंचेगी। यहां पर मंच द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया। केसवानी ने बताया कि यात्रा का जगह-जगह पर धर्म प्रेमी बंधुओं द्वारा स्वागत किया जाएगा।केसवानी ने बताया कि मंच द्वारा इस अवसर पर धर्म प्रेमी बंधुओं के लिए लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया है। जिसमें पहला पुरस्कार मोटरसाइकिल, दूसरा पुरस्कार रेफ्रिजरेटर, तीसरा टीवी, चौथा पुरस्कार वाशिंग मशीन, पांचवा ओवन और पांच लोगों को मोबाइल फोन मिलेंगे। इसके अलावा यात्रा में रजिस्ट्रेशन कराने वाली हर मोटरसाइकिल को एक निश्चित उपहार भी दिया जाएगा।

# परमात्मा को प्रथम प्राथमिकता बनाइए, क्योंकि मन मूल्यवान के पीछे भागता है: आचार्य निलिम्प त्रिपाठी



**सांध्य प्रकाश संवाददाता**
**भोपाल**

मिनाल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। आनंद और उल्लास की बरसात होती रही। फूलों की होली से सारा वातावरण दिव्य हो गया। आचार्य डॉ निलिम्प त्रिपाठी ने कहा कि व्यक्ति को सदैव भगवान का चिंतन करते रहना चाहिए, क्योंकि वे परमश्रेष्ठ हैं। जब हम उन्हें अप्रतिम और मूल्यवान समझेंगे तो हमारा मन उनका अनुसरण करेगा, क्योंकि चित्त सदैव श्रेष्ठ का ही अनुगमन करता है। जैसे धनी को धन की गर्मी रहती है! उसी तरह भक्तों को भगवान की भक्ति का बल रहना चाहिए। श्रद्धा से युक्त चित्त ही सरल और निश्छल होता है। परमात्मा सदैव पवित्रता पर रीझते हैं। भारी जनसमूह द्वारा आनंद का अनुभव किया जा रहा है। देश प्रदेश से ज्ञानी गुण इन लोगों का जमावड़ा बना हुआ है।

बलराम तिवारी द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आज विशेष रूप से श्रीमती निधि त्रिपाठी, शारदा त्रिपाठी, वर्षा तिवारी, हेरंब त्रिपाठी, श्रीरंग त्रिपाठी, अनीता मेहता, मीनाक्षी मेहता, मीना राठी, कविता श्रीवास्तव, सीमा शर्मा, अनामिका रघुवंशी, रिंकू खरे, दीपिका भार्गव, शशि श्रीवास्तव, रश्मी अग्रवाल, सुजाता में मेथी, छाया तिवारी, अर्चना कैथल आदि उपस्थित रही।

# कन्यादान योजना में घटिया सामग्री सप्लाई करने पर 4 फर्म ब्लैक लिस्टेड, प्रकरण दर्ज

धार। धार जिले के कुक्षी विधानसभा के डही जनपद में 15 मार्च को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत होने वाले विवाह समारोह में 314 जोड़ो के निरस्त हुए। इसका कारण विवाह में दी जाने वाली घटिया सामग्री थी। इस मामले को लेकर शुक्रवार देर रात डही थाने में मामला दर्ज हुआ। दहेज की सामग्री सप्लाई करने वाले फर्मो के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विवाह आयोजन में कन्यादान के रूप में दी जाने वाली सामग्री गुणवत्ताहीन और घटिया पाए जाने के बाद जहां इस विवाह समारोह को निरस्त कर दिया गया था, वही आयोजन को लेकर जमकर बवाल भी मचा। क्षेत्रीय कांग्रेस विधायक सुरेंद्र सिंह बघेल द्वारा अधिकारियों पर भ्रष्टाचार सहित कई गंभीर आरोप लगाए थे। मुख्यमंत्री के नाम एक पत्र भी उन्होंने



लिखा। इसके बाद आनन-फानन अधिकारियों द्वारा सामग्री का निरीक्षण कर जांच पड़ताल कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की बात कही गई।

इसके बाद शुक्रवार देर रात सीईओ जनपद पंचायत कंचन डोंगरे ने डही थाने में विवाह में सामग्री सप्लाई करने वाली 4 फर्मो के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। जिन फर्मों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया उनमे नवीन पाटीदार अंबिका ट्रेडर्स बांकानेर मनावर, आशीष चोपड़ा अनुमालव इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सलूशन रतलाम, वर्षा गोयल पति राम मोहन गोयल आरएम सीएल सैंड सप्लायर शिवपुरी के अलावा एक अन्य फर्म जिसने विवाह समारोह को लेकर टेंडर डालकर काम लिया था। पर, विवाह समारोह की तारीख तक सामग्री नहीं भेजी। विपुल कार्पो इंदौर के नाम भी एफआईआर दर्ज कराई है। पूरे मामले में जानकारी देते हुए सीईओ कंचन डोंगरे ने बताया कि इस पूरे मामले में जांच पड़ताल के बाद संबंधित फर्मों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। अब आगे की कार्यवाही पुलिस करेगी। वहीं थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे ने दर्ज एफआईआर के आधार पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्यवाही करेगी।

## यूथ महापंचायत को सफल बनाने नवीन कालेज में कार्यक्रम शुरू

भोपाल । युवा नीति के संबंध में मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित होने वाली यूथ महापंचायत कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शासन के निर्देशानुसार शासकीय कला एवं वाणिज्य (नवीन) महाविद्यालय में आज से 4 दिवसीय कार्यक्रम प्रारंभ किए गए. इसके अंतर्गत प्रति दिवस 1 घंटे विद्यार्थियों को शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त हितग्राही योजनाओं तथा नवीन युवा नीति के विषय में व्याख्यान द्वारा संपूर्ण जानकारी देने का प्रयत्न किया जाएगा .कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मुकेश दीक्षित जी द्वारा सरस्वती मां के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया. प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए 1 घंटे का व्याख्यान दिया गया।

# भोपाल में सरकारी दफ्तरों पर 55 करोड़ का बिजली बिल बाकी

भोपाल। भोपाल में सरकारी दफ्तरों का 55 करोड़ का बिल बाकी है। इस बकाया राशि में चार हजार से अधिक बिजली कनेक्शन शामिल हैं जिनसे होने वाली सप्लाई से बिजली का उपयोग अफसर कर रहे हैं पर भुगतान में देरी की जा रही है। उधर पिछले साल के बिजली हानि के आंकड़े बताते हैं कि इंदौर की पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी 15343 करोड़ के घाटे में है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी क्षेत्र का भोपाल में सरकारी दफ्तरों का 55.15 करोड़ रुपए का बिल भुगतान नहीं हुआ है। बिल की यह मोटी रकम 4117 विद्युत कनेक्शनों पर बकाया है। इसमें नगर निगम भोपाल का स्ट्रीट लाइट का बिल भी शामिल है। भोपाल नगर निगम द्वारा पिछले दिनों 16.77 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। इसके बाद भी 6.17 करोड़ रुपए का बिल भुगतान किया जाना बाकी है। चालू वित्त वर्ष में जिला पुलिस बल, 7वीं वाहिनी, 23वीं वाहिनी और 25वीं वाहिनी में लगे विद्युत कनेक्शनों का 3.09 करोड़ रुपए का पेमेंट भी कम्पनी को हुआ है और 58.73 लाख रुपए बकाया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विधायक आरिफ मसूद के सवाल के लिखित जवाब में बताया कि बकाया जमा नहीं होने पर कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाती है। मसूद ने पूछा था कि कितनी बिल राशि किस सरकारी विभाग का बकाया है और जमा नहीं किए जाने पर किस तरह से वसूली की जाती है।

**15343 करोड़ के कर्ज में है पश्चिम क्षेत्र बिजली कम्पनी:** विधायक सज्जन सिंह वर्मा के सवाल के लिखित जवाब में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी इंदौर की 31 मार्च 2022 की स्थिति में वित्तीय हानि 11897.72 करोड़ है। इसक हानि का मुख्य कारण तकनीकी और वाणिज्यिक हानि के साथ विद्युत विक्रय की दरें वास्तविक लागत के अनुरूप नहीं होना हैं। इससे आय से अधिक व्यय हो रहा है। वर्ष 2021-22 में कम्पनी द्वारा स्टाफ पर 923.04 करोड़ रुपए खर्च किया गया। कम्पनी पर 31 मार्च 22 की स्थिति में 15343.18 करोड़ रुपए का कर्ज है।

# विश्व हिंदी सम्मेलन में शामिल हुए प्रो. खेमसिंह डहेरिया




भोपाल। 12 वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन 15-17 फरवरी 2023 में नांदी, फिज्री में संपन्न हुआ। इस विश्व हिंदी सम्मेलन 2023 का आयोजन विदेश मंत्रालय, भारत सरकार और फिज्री सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य हिंदी को वैश्विक भाषा के रूप में बढ़ावा देने का है। फिज्री की आबादी का लगभग 40 प्रतिशत लोग भारतीय मूल के हैं और उनमें से अधिकांश जनसंख्या हिंदी बोलती है। सिम्मेलन में 31 देशों के 1400 प्रतिनिधियों की भागीदारी रही।

सम्मेलन का फिजी में होना भारत के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वहाँ के निवासियों में लगभग चालीस प्रतिषत भारतवंषी हैं। वे सभी हिंदी बोलते हैं। हिंदी और भारत के प्रति यहाँ आदर और प्रेम है, यह सम्मेलन इन दोनों देषों को केवल भाषा के स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक व सांस्कृतिक दृष्टि से भी और निकट लायेगा। 12 वें विश्व हिंदी सम्मेलन का शुभारंभ फिज्री के राष्ट्रपति रातू विलियम कटोनिवेरे और भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने किया। इस सम्मेलन में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल के कुलपति प्रो. खेमसिंह डहेरिया की विशेष उपस्थिति रही।

# भोपाल-इंदौर में बिना पर्यावरणीय अनुमति शुरु हो गए हाउसिंग प्रोजेक्ट, 10 पर कार्यवाही

भोपाल। प्रदेश के इंदौर और भोपाल जैसे बड़े शहरों में बिल्डर्स बिना पर्यावरणीय अनुमति के प्रोजेक्ट शुरु कर रहे है। ऐसे एक दर्जन बड़े प्रोजेक्ट संचालकों को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नोटिस थमाए है।

विधायक पांचीलाल मेड़ा के सवाल के लिखित जवाब में पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग ने यह जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि भोपाल और इंदौर नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त किए बिना प्रोजेक्ट बनाने वाले संचालकों के विरुद्ध एक अप्रैल 2021 से 16 फरवरी 2023 के बीच कार्यवाही की गई है। इसमें इंदौर नगर निगम क्षेत्र में लाइफकेयर लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड पीरकराड़ियाग्राम सांवेर इंदौर के संचालक वैभव राय और अतुल श्रीराव जनरल मैनेजर ऑपरेशन के विरुदध सीजेएम न्यायालय इंदौर में सितंबर 2022 में बिना पर्यावरणीय स्वीकृकति के निर्माण कार्य करने के कारण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कराया गया है।

भोपाल नगर निगम सीमा के अंतर्गत गिरजा कॉलोनाईजर एंड डेवलपर्स के बरखेड़ा पठानी , विद्या सागर इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट के पास अवधपुरी में एनजीटी के प्रकरण में पर्यावरणीय स्वीकृति न होंने के कारण मेसर्स गिरजा कॉलोनाईजर एंड डेवलपर्स भोपाल पर 6.153 करोड़ रुपए की पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई है। प्रोजेक्ट संचालक आदर्श मल्होत्रा के खिलाफ कार्यवाही की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम राहुल नगर कोटरा सुल्तानाबाद में बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के निर्माण कार्य करने के कारण पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत न्यायालय में 27 अक्टूबर 2022 को वाद प्रस्तुत किया गया है। इस मामले में नगर निगम भोपाल के मुख्य अभियंता एआर पवार पर कार्यवाही की गई है।

भोपाल नगर निगम क्षेत्र में सेज सनसिटी फेज दो के अग्रवाल कॉलोनाईजर्स के संजीव अग्रवाल को जल वायु अधिनियमों के तहत बिना सम्मति प्राप्त किए भवन निर्माण , कॉलोनी परियोजना निर्माण के कारण 20 जनवरी 2023 को नोटिस जारी किया गया है। अमलतास इंडिया कटारा हिल्स के अब्दुल हसन को बिना अनुमति निर्माण पर पिछले महीने नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह शिव डेवलपर्स हुजूर भोपाल के दर्वेश पाटीदार , मेसर्स ग्लोबल हाउसिंग होशंगाबाद रोड के उज्जवल सिंह भटीजा, लीला डेवपलर्स के जगमोहन पाटीदार और मेसर्स माय सिटी माय रियल्टी के सौरभ गर्ग को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है।

इंदौर में बोर्ड से अनुमति किए बिना निर्माण करने वाले चार प्रोजेक्ट संचालकों के खिलाफ कार्यवाही की गर्ठ है। लाईफकेयर लॉजिस्टिक पीरकराड़िया, सांवेर इंदौर के संचालक वैभव राय और जनरल मैनेजर अतुल श्रीराव के खिलाफ सीजेएम न्यायालय इंदौर में प्रकरण दायर किया गया है। एनआरके लक्स स्कीम नंबर 13 स्टॉर चौराहे के पास इंदौर के संचालक दीपक कालरा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साहिल ग्रांड स्टार चौराहे के पास इंदौर के संचालक नरेन्द्र कंधारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।अमानत इन्फ्राटेक बिचौली मर्दाना इंदौर के संचालक अनिल शर्मा को फरवरी 2023 में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

# उज्जैन की जेल अधीक्षक को हटाया




भोपाल। जेल मुख्यालय ने केंद्रीय जेल उज्जैन की अधीक्षक श्रीमती उषाराज को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

इस संबंध में जारी आदेश में बताया गया है कि केंद्रीय जेल उज्जैन के शासकीय सेवकों के स्वत्वों में कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जीपीएफ ट्रांजैक्शन प्रोसेस में राशि एक ही खाते में ट्रांसफर कर अनियमित फर्जी भुगतान सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया है।

इस संबंध में कलेक्टर से प्राप्त प्रतिवेदन का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार 13 करोड़ से भी अधिक राशि का अनियमित भुगतान और गबन हुआ है। इस संबंध में जेल मुख्यालय द्वारा जेल उपमहानिरीक्षक की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा जांच में लगभग 15 करोड़ की राशि का अनियमित भुगतान पाया गया है। प्रथम दृष्टया गंभीर वित्तीय अनियमितता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से श्रीमती उषाराज अधीक्षक केंद्रीय जेल उज्जैन को हटाकर जेल मुख्यालय में तैनात किया गया है। श्रीमती हिमानी मनवारे अधीक्षक जिला जेल देवास को अपने कार्य के साथ-साथ फिलहाल केंद्रीय जेल उज्जैन के अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# सांप भी प्रकृति का हिस्सा है इनसे डरे नहीं: लखन लाल मालवीय



**भोपाल।** सांप भी प्रकृति का हिस्सा है और यह हमारी जीवन के साथ अभिन्न रूप से जुड़े हुए हैं प्रकृति ने सभी को अपनी सुरक्षा के लिए कुछ ना कुछ दिया है। आवश्यक है कि हम सांपों की प्रकृति को समझें वर्षों से सांपों को पकड़ने का कार्य कर रहे लखन लाल मालवीय ने बताया कि सांपों की अनेक प्रजातियां हैं जिसमें कुछ बहुत ही ज्यादा जहरीली जरूरी होती है उनके द्वारा वर्षों से अनेक तरह के सांपों को पकड़ा गया है एयरपोर्ट पर उनके द्वारा बड़ा भारी अजगर भी पकड़ा गया था सांप पकड़ने में जान का जोखिम तो रहता ही है लेकिन मन में संतुष्टि का भाव ही रहता है किसी अन्य लोगों की जान बची है सांप पकड़ने वाले से अच्छा उनको तब लगता है जब कोई उनको सर्पमित्र कह कर बुलाता है अब उनका बेटा मुन्ना मालवी भी उनके इस काम में सहयोग करता है सांप पकड़ने के साथ ही यह दोनों पिता-पुत्र लोगों को सांप के बारे में विभिन्न जानकारियां भी देते हैं इसके लिए उनसे 93031 34142 एवं 97134 27248 पर संपर्क किया जा सकता है।

# डोंगरगांव के उत्पात को लेकर 100 पर एफआईआर, 13 पर नामजद शिकायत

महू। महू के बड़गोंदा थाने के अंतर्गत आने वाली डोंगरगांव पुलिस चौकी पर बुधवार की रात जमकर बवाल हुआ था। इस उत्पात को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। इसके चलते 100 से अधिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इनमें 13 उत्पातियों पर नामजद एफआईआर दर्ज की गई हैं।

आरोपियों पर पुलिस ने प्राणघातक हमले सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किए हैं। अब इनकी तलाश के लिए वीडियो फुटेज खंगालने शुरू कर दिए गए। ग्राम गवली पलासिया में आदिवासी युवती की मौत के बाद गुस्साई भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया था। इस मामले में सीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। बताया जाता है कि पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ भी शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक कितनों को हिरासत में लिया, इसका खुलासा नहीं हुआ है। इस घटना को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने स्वत- लिया संज्ञान लेते हुए कलेक्टर और आईजी को नोटिस जारी कर तीन दिन में आदिवासी युवक और युवती की मौत और घटनाक्रम की जानकारी तलब की है।

## जयस अध्यक्ष ने कहा घटना दुर्भाग्यपूर्ण

बीती रात पुलिस पर हमले व बवाल को लेकर जयस अध्यक्ष भीमसिंह गिरवाल ने पत्रकारों के समक्ष कहा कि उनका प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से जारी था, पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई व आश्वासन से भी वे संतुष्ट नजर आए। इस दौरान कतिपय बाहरी तत्वों ने माहौल बिगाड़ने के उद्देश्य से इस घटनाक्रम को अंजाम दिया, जिनकी पहचान उनका संगठन कर पुलिस को जानकारी मुहैया कराएंगा। वही कहा कि उनका कानून व्यवस्था पर पूरा भरोसा है।

## फार्म हाउस बना पार्टी का अड्डा

आदिवासी युवती की मौत के बाद हुए बवाल से चर्चा में आए बड़गोंदा थाना क्षेत्र के रिसोर्ट और फार्म हाउस पार्टियों के बहाने नशे का अड्डा बने हुए है। पुलिस की मिलीभगत से क्षेत्र में युवाओ का हुजूम पार्टी के बहाने किसी रिसोर्ट या फार्म हाउस में एकत्रित होता है। वे बिना किसी रोक-टोक शुरू नशाखोरी में शुरू हो जाते हैं। गत दिनों रंगपंचमी की आड़ में पार्टी के नाम पर बड़गोंदा के माधवपुरा में एक फार्म हाउस पर उमड़े युवाओ के झुंड ने जमकर नशा किया था। ड्रग्स के नशे में युवा फार्म हाउस में बुलाए आस्ट्रेलियन डीजे की धुन पर थिरकते हुए अश्लीलता की हदें भी पार करते रहे। फार्म हाउस एक सरकारी अधिकारी का बताया जा रहा है, जिसे रेंट पर लेकर आयोजकों ने नशे की इस पार्टी का आयोजन किया था।

# ओलंपिया एक्सीबिशन एवं फेडरेशन का संयुक्त वर्ल्ड कॉनेक्स 2023 शुभारंभ

**भोपाल ।** ओलंपिया एक्सीबिशन प्रा. लि. एवं फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वाधान से शुक्रवार 17 से 19 मार्च 2023 तक लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साईंस एण्ड टेक्नोलॉजी, खजूरीकलां, भोपाल के ग्राउंड में वर्ल्ड कॉनेक्स 2023 का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में भारत की प्रमुख हैवी कन्सट्रक्शन मशीनरी के निर्माण एवं निर्यात के क्षेत्र में कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा अपनी मशीनों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें मुख्य रूप से जीके अर्थमूवर्स एण्ड इक्यूपमेंट क्यू ग्रीन टेक्नोलॉजी प्रा. लि. जेआरबी इंजीनियरिंग वर्क्स बिल्डिंग एण्ड कंन्सट्रक्शन अपडेट कॉन्क्रेटेक इक्यूपमेंट नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण हेल्थ एण्ड वेलनेस, एम पॉवर ट्रांसमिशन आर.के. इंटरप्राईज अहमदाबाद एगकॉन इक्यूपमेंट इंटरनेशनल प्रायवेट लिमिटेड पुट्समिस्टर कॉन्क्रेट मशीन प्रायवेट लिमिटेड कन्सट्रक्शन इक्यूपमेंट रेंटल एसोसिएशन टेरेक्स इंडिया प्रा. लि. प्रॉपल इंडस्ट्रीज प्रा. लि. केटरपीलर डायनापेक फयात ग्रुप अपोलो इंन्फ्राटेक प्रा. लि. डायमंड क्रशर कोलंबिया मशीन इंजीनियरिंग इंडिया प्रा. लि. वाईब्रेट कंस्ट्रक्शन इक्यूपमेंट मैक्समेक इक्यूपमेंट प्रा. लि. जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश शासन आदि है। इस एक्जीबिशन में भोपाल में पहली बार आर्टिफिशियल सेंड बनाने की मशीन एवं ईवी लोडर का डेमोस्ट्रेशन किया गया।

एक्जीबिशन का उद्घाटन फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ. आर.एस. गोस्वामी ने किया। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि इस एक्जीबिशन से मध्यप्रदेश में हैवी कंस्ट्रक्शन एवं मशीनरी के क्षेत्र में कार्य करने वाली इकाईयों को बहुत लाभ होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भोपाल में इस तरह की एक्जीबिशन पहली बार लगी है। उद्घाटन कार्यक्रम में ओलंपिया प्रा. लि. के एस.के.त्रिपाठी जी, लक्ष्मीपति इंस्टीट्यूट ऑफ साइंर्स एण्ड टेक्नोलॉजी के चेयरमेन ओ.पी. बंसल, फेडरेशन के उपाध्यक्ष देवेन्द्रर पाल सिंह चावला, फेडरेशन के सचिव प्रवीण आचार्य एवं अन्य गणमान्यजन शामिल थे।

स म्पा द की य

# पर्चा लीक बनाम हमारा सिस्टम

मध्यप्रदेश भी बड़ा अजीब सा राज्य है। यहां जो हो जाए, कम ही है। व्यापमं हुआ, बड़े मगरमच्छ आज भी तालाब चट कर रहे हैं, कुछ छोटे फंसे और कई मासूमों की तो जान ही चली गई। व्यापमं का नाम बदल दिया गया। हमारा माध्यमिक शिक्षा मंडल यानि एमपी बोर्ड भी कम नहीं है। यहां भी वो सब कुछ हुआ, जो हो सकता है। फर्जी अंकसूचियां बनाने का रैकेट तक चला, लेकिन उसमें भी असल किरदार तो पकड़े ही नहीं गए। छोटे किरदारों पर हंटर चल गया। शायद यही कारण है कि जब-तब प्रदेश में घोटालों का अनावरण होता रहता है। अनावरण इसलिए, क्योंकि परदे के पीछे तो सब कुछ होता ही है।

हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफार्म टेलीग्राम पर बोर्ड के पर्चे वायरल होने की खबरें आईं। ये एमपी बोर्ड की 10वीं, 12वीं की परीक्षा के पर्चे हैं। पूरे सिस्टम पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं, मामला विधानसभा तक भी पहुंच गया। एमपी बोर्ड का दावा है कि पेपर छात्रों को बंटने से पहले तक चेयरमैन, सचिव भी इसे नहीं देख सकते। हकीकत यह है कि परीक्षा से पहले ही पेपर वायरल हो रहे हैं। तो फिर सवाल उठेगा ही कि आखिर सिस्टम में खामी कहां है?

वैसे तो पूरी दाल ही काली है। हर जगह, हर विभाग में, हर शाखा में एक नहीं, दो-चार किरदार मिल जाएंगे, लेकिन दिक्कत यह है कि जब उच्च स्तर पर सहमति हो, या फिर घोर उदासीनता-लापरवाही, तब ही ऐसी घटनाएं होती हैं। देखा जाए तो शिक्षकों के द्वारा ही पर्चे तैयार किए जाते हैं और इसकी प्रक्रिया पूरे सात महीने पहले शुरू कर दी जाती है। जिस दिन पेपर शुरू होता है उसके आधा घंटे पहले सेंटर पर सीलबंद लिफाफा खोला जाता है, जिसमें पर्चा होता है। कायदे से तो जो शिक्षक पर्चे सैट करने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं, उन्हें ही नहीं पता होता कि उन्होंने जो पर्चा सैट किया, वही परीक्षा में आ रहा है या उसे बदल दिया गया है।

वैसे तो इसके लिए बोर्ड में पूरी शाखा होती है, गोपनीयता की जिम्मेदारी इसी की होती है, पर इस पूरे चैनल में सबसे अहम किरदार केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष होता है। यही कारण है कि विभाग द्वारा निलंबित किए गए 9 लोगों में केंद्राध्यक्ष और सहायक केंद्राध्यक्ष ही शामिल हैं। थाने से सेंटर तक पेपर ले जाने का जिम्मा इन्हीं का होता है। सोलह साल पहले कुछ जिलों में केंद्र अध्यक्ष द्वारा गलती से बाद में होने वाला पेपर पहले बांट दिया गया था। इसके बाद बड़ा बदलाव किया गया। इसके तहत बोर्ड के बजाय जिलों में रिजर्व पेपर के सेट रखवाने का निर्णय लिया गया। इसके बावजूद पेपर लीक होने पर हैरत होती है। पेपर सेट करने संभाग स्तर पर शिक्षकों को बाकायदा प्रशिक्षण दिया जाता है। हर संभाग से विषयवार 2-2, 3-3 शिक्षकों को पेपर तैयार करने मॉडरेटर के तौर पर चुना जाता है। पेपर बनाने के लिए इन्हें भोपाल बुलाया जाता है। ये यहीं बोर्ड के रेस्ट हाउस में ही रुकते हैं। ये शिक्षक हिंदी और इंग्लिश वर्जन के पेपर के साथ-साथ मॉडल आंसर भी तैयार करते हैं। यह काम गोपनीय कक्ष में होता है। मॉडरेटर पेपर के पांच सेट तैयार करते हैं।

मॉडरेटर द्वारा तैयार पेपर को सेट करने विषय विशेषज्ञ बुलाए जाते हैं। ये गलतियां सुधारकर सील बंद लिफाफे में पेपर पैक कर देते हैं। इन 5 से कोई भी सिर्फ दो सेट प्रिंट के लिए प्रिंटर को भेजे जाते हैं। ये पेपर बोर्ड के चेयरमैन, सचिव या अन्य अधिकारी भी नहीं देख सकते। परीक्षा के तीन से चार माह पहले पेपर छपकर तैयार हो जाते हैं। जिस दिन पेपर होते हैं, उससे तीन या चार दिन पहले सील बंद लिफाफे में जिला स्तर पर चुनी गई समन्यवक संस्था में बोर्ड के अधिकारी ये बॉक्स लेकर पहुंचते हैं। इसी संस्था से पेपर केंद्राध्यक्ष को दिए जाते हैं। जिस दिन पेपर होता है उसके डेढ़ घंटे पहले केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, डीईओ द्वारा नियुक्त शिक्षक एवं कलेक्टर द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि की उपस्थिति में थाने के लॉकर से बॉक्स का ताला खोलकर पेपर के बंच निकालते हैं। थाने में एंट्री होती है। इस दौरान डीईओ प्रतिनिधि, कलेक्टर प्रतिनिधि एवं संबंधित थाना प्रभारी के दस्तखत होते हैं।

केंद्राध्यक्ष द्वारा थाने से सेंटर पर ले जाए जाते हैं, इसके बाद सेंटर पर पेपर शुरू होने के आधा घंटे पहले केंद्राध्यक्ष और एक परीक्षार्थी के दस्तखत होने के बाद ही पेपर के पैकेट खोले जाते हैं। सेंटर पर पेपर शुरू होने के तय समय से पांच मिनट पहले ड्यूटी पर मौजूद शिक्षक द्वारा पेपर परीक्षार्थियों को बांटे जाते हैं। निश्चित तौर पर इस पूरी प्रक्रिया में शामिल लोगों में से ही कोई या कुछ लोग पेपर लीक होने की साजिश में शामिल हो सकते हैं। सभी तो अपराधी नहीं होते और न ही हर व्यक्ति गलत काम करता है। कुछ लोगों के कारण ही ये सब होता है। गोपनीयता भंग कैसे हो जाती है? जिम्मेदारियां तो तय होना ही चाहिए। वैसे भी यदि बोर्ड अध्यक्ष और सचिव पर्चा लीक के जिम्मेदार नहीं हैं, तो भी इनकी कुछ तो जिम्मेदारी होगी ही। क्या इन्हें केवल साइन करने के लिए तैनात किया जाता है? क्या केवल वेतन लेना ही इनकी ड्यूटी है? आखिर संस्था में कहीं भी लूप होल होता ही क्यों है? निचले स्तर पर कार्रवाई करके इतिश्री करना ही शायद सबसे बड़ी गलती है। इसी कारण तो हर बार घोटाले हो जाते हैं। फिर भी बड़ी सूक्ष्म जांच की जरूरत है, और पूरी निष्पक्षता के साथ।

# वह काला अध्याय और यह काला अध्याय

**पंकज शर्मा**

राहुल गांधी को लोकसभा से निष्कासित करने की बातें उड़ाई जा रही हैं। लेकिन आपातकाल के वक्त को याद करें। सुब्रह्मण्यन स्वामी की सदस्यता खत्म करने के लिए प्रस्ताव आया था तो उसमें तीन मुख्य आरोप थे। देश-विदेश में भारत विरोधी प्रचार करने का आरोप तीसरे क्रम पर था। उनके मसले पर राज्यसभा में लंबी बहस हुई।ज. आखिर में ओम मेहता ने स्वामी को सदन से निष्कासित करने का प्रस्ताव पेश किया। स्वामी के ख़िलाफ़ आरोप क्रमांक-3 को प्रस्ताव से हटा दिया गया। यानी उन पर विदेशों में भारत के ख़िलाफ़ प्रचार करने की तोहमत नहीं लगाई गई।ज क्यों? इसलिए कि इमरजेंसी के उस समय में संसद में हुई बहस में माना गया कि स्वामी ने भारत के ख़िलाफ़ कुछ नहीं कहा है। उन्होंने भारत की सरकार के बारे में कहा है।

सियासी-चंडूखाने में ख़बरें गर्म हैं कि लंदन में 'देश-विरोधी' बातें कहने की वज़ह से राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता ख़त्म की जाने वाली है। तो क्या राहुल सोलहवें ऐसे 'अभियुक्त' बनने की कगार पर पहुंच गए हैं, जिन्हें या तो आज़ाद भारत में संसद से निष्कासित कर दिया गया या जिन्हें निष्कासन की कार्रवाई झेलनी पड़ी?

निष्कासन-इतिहास का पहला पन्ना हुचेश्वर गुरुसिद्ध मुद्गल के नाम दर्ज़ है। वे भारत की अंतरिम लोकसभा में कांग्रेस के सदस्य थे और 1951 में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ख़ुद सदन से उनके निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया था। मुद्गल पर आरोप था कि उन्होंने सदन में सवाल पूछने के लिए बुलियन मर्चेंट एसोसिएशन से दो बार एक-एक हज़ार रुपए लिए थे। सितंबर का महीना था और उसके अंतिम सोमवार को लोकसभा की बैठक में मुद्गल के निष्कासन पर मतदान होना था। मतदान की नौबत आने के पहले ही उन्होंने अपनी सदस्यता से इस्तीफ़ा देने का ऐलान कर दिया।

इसके बाद 1976 में सुब्रह्मण्यन स्वामी की राज्यसभा सदस्यता समाप्त की गई। 1977 में इंदिरा गांधी को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित किया गया। लेकिन बाद में उनके निष्कासन का प्रस्ताव रद्द कर दिया गया। 2006 में दस सांसदों को लोकसभा से निष्कासित किया गया और एक को राज्यसभा से। वे सब एक स्टिंग ऑपरेशन में कैमरे पर सदन में सवाल पूछने के लिए रिश्वत लेते दिखाए गए थे। उनमें से पांच भाजपा के सांसद थे, चार बहुजन समाज पार्टी के और एक राष्ट्रीय जनता दल का। राज्यसभा से निष्कासित सांसद भाजपा का था।



विजय माल्या पंद्रहवें सांसद थे, जिन्हें हज़ारों करोड़ रुपए की हेरफेर के मामले में राज्यसभा से निष्कासित करने का प्रस्ताव 2016 में सदन की आचार समिति को भेजा गया था। उस साल मई की शुरुआत में माल्या ने राज्यसभा से इस्तीफ़ा दे दिया। अपने त्यागपत्र में उन्होंने लिखा कि सर्वसम्मति से भेजे गए उनके निष्कासन प्रस्ताव का हालांकि कोई समुचित ओर तर्कसंगत आधार नहीं है, लेकिन चूंकि वे अपना नाम खराब नहीं कराना चाहते, इसलिए राज्यसभा की सदस्यता छोड़ रहे हैं।

निष्कासन संबंधी 15 मामलों में एक सिर्फ़ सुब्रह्मण्यन स्वामी का ऐसा है, जिन पर तीन मुख्य आरोप थे। देश-विदेश में भारत विरोधी प्रचार करने का आरोप तीसरे क्रम पर था। उनके मसले पर राज्यसभा में लंबी बहस हुई। कई सदस्यों ने कहा कि तीसरे आरोप को हटा दिया जाना चाहिए। आपातकाल में मीसा-क़ानून लागू था। दलील दी गई कि अगर कोई मीसा-क़ानून के ख़िलाफ़ बोलता है तो उसे राष्ट्रविरोध कैसे कहा जा सकता है? जब महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू को अंग्रेज़ सरकार ने क़ैद किया था तो जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने बयान दिया था कि इस कुकृत्य के लिए बादशाह को नंगे पांव गांधी और नेहरू के पास जा कर उनसे क्षमा मांगनी चाहिए। क्या यह ब्रिटेन के ख़िलाफ़ राजद्रोह था? ब्रिटेन की संसद में कृष्णमेनन हमारे देश के सदस्य थे। वे भारत को स्वतंत्र न करने के लिए ब्रिटेन को दोषी ठहराते थे। सर स्टेफोर्ड क्रिप्स, हैरॉल्ड लासकी और सर पैथिक लॉरेंस भी यही कहा करते थे और ब्रिटेन के ख़िलाफ़ बहुत कड़ी बातें कहते थे। क्या यह राजद्रोह था?

स्वामी को देशविरोधी ठहराए जाने के ख़िलाफ़ 47साल पहले राज्यसभा में और भी बहुत-से तर्क सदस्यों ने रखे। कहा कि दादाभाई नौरोजी जब ब्रिटेन की संसद के सदस्य थे और उन्होंने भारत को गुलाम बनाने के लिए इंग्लैंड पर कई आरोप लगाए तो क्या किसी ने कहा कि यह राजद्रोह है? जब विट्ठलभाई पटेल अमेरिका गए और तारकनाथ दास और जे.जे. सिंह ने वहां इंडियन लीग बनाई तो क्या अमेरिका वालों ने कहा कि यह अमेरिका के ख़िलाफ़ दुष्प्रचार हो रहा है? कई सदस्यों ने कहा कि इंदिरा गांधी कहती हैं कि जब तक अफ्रीका को मानवाधिकार पूरी तरह से नहीं मिल जाएंगे, हम इसके लिए धर्मयुद्ध जारी रखेंगे। भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हमने डच लोगों के ख़िलाफ़, पोर्तगीज़ लोगों के ख़िलाफ़, जहां-जहां भी उनके उपनिवेश रह गए थे, वहां आवाज़ नहीं उठाई? तो अगर हमारे देश में मीसा है, अगर हमारे देश में बिना मुकदमा चलाए किसी को जेल में रखा जाता है और कोई यह बात कहता है तो ऐसा कहने में क्या गलत है? आज तो आलोचना करना ही राजद्रोह हो गया है।

स्वामी पर हुई इस बहस का हवाला देते हुए मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि यह बहस इंदिरा गांधी के लगाए उस आपातकाल के दरमियान संसद में हुई थी, जिसके बारे में बहुत-से बुद्धिजीवियों की ज़ुबान यह कहते नहीं थकती है कि इंदिरा जी ने लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। राज्यसभा के एक सदस्य ने इस बहस में पुरजोर तरीके से कहा कि स्वामी ने अगर कहा कि इंदिरा गांधी ने प्रेस की आज़ादी का गला घोंट दिया तो यह कौन-सी झूठी बात है? बरुआ जी भले कहें कि इंदिरा इंडिया हैं और इंडिया इंदिरा है। लेकिन हम नहीं मानते कि ऐसा है। इंदिरा जी से हमारे वैचारिक मतभेद हैं। लेकिन हम मानते हैं कि विचारधारा का मुकाबला विचारधारा से होना चाहिए, दमन के ज़रिए नहीं। एक सदस्य को सदन से निष्कासित करना दमनकारी कदम है। ऐसा करने से विचारधारा थोड़े ही ख़त्म हो जाएगी। ओम मेहता (तत्कालीन गृह राज्यमंत्री) स्वामी को गिरफ़्तार नहीं कर पाए तो उनकी सदस्यता ख़त्म करने का प्रस्ताव ले कर आ गए हैं।

एक और सदस्य ने इस बहस में कहा कि इस देश में विपक्ष का रहना ज़रूरी है। लेकिन कांग्रेस-अध्यक्ष देवकांत बरुआ कहते हैं कि विपक्ष अप्रासंगिक हो गया है। क्या कांग्रेस के अध्यक्ष को ऐसा रवैया और ऐसी सोच रखनी चाहिए? आप कहते हैं कि भारत का लोकतंत्र दुनिया में सबसे महान है। लेकिन लोकतंत्र का मतलब होता है विपक्ष की भूमिका। पर आप तो विपक्ष को अपनी बात कहने का मौक़ा ही नहीं देते। सवाल यह है कि क्या विपक्ष इस देश में काम कर सकता है? क्या विपक्ष इस देश में सत्ता पक्ष का विरोध कर सकता है? स्वामी ने भारत की कोई आलोचना नहीं की है। उन्होंने भारत के ख़िलाफ़ कुछ नहीं कहा है। उन्होंने भारत की सरकार के बारे में कहा है। सरकार एक राजनीतिक दल चलाता है। मैं भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इंदिरा इज नॉट इंडिया, इंडिया इज़ नॉट इंदिरा।

कमलापति त्रिपाठी ने 15 नवंबर 1976 को बहस का जवाब दिया। ओम मेहता ने स्वामी को सदन से निष्कासित करने का प्रस्ताव पेश किया। स्वामी के ख़िलाफ़ आरोप क्रमांक-3 को प्रस्ताव से हटा दिया गया। यानी उन पर विदेशों में भारत के ख़िलाफ़ प्रचार करने की तोहमत नहीं लगाई गई। सदन की गरिमा कम करने को ले कर स्वामी की सदस्यता समाप्त करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया।

आपातकाल को 'काला अध्याय' बताने वाले 'विदेशी धरती' पर 'भारत-विरोधी' प्रचार के आरोप लगा कर राहुल गांधी से माफ़ी की मांग कर रहे हैं। लोकसभा में उनके बारे में बाक़ी-तो-बाक़ी, चार मंत्रियों ने भी हर तरह की बातें कहीं। लेकिन राहुल को सांसद के नाते अपनी बात कहने का हक़ नहीं मिल रहा है। उन्हें लोकसभा से निष्कासित करने की बातें उड़ाई जा रही हैं। उस काले अध्याय के रचयिताओं ने तो स्वामी के ख़िलाफ़ देश-विरोध के आरोप वापस ले लिए थे। लेकिन आज राहुल पर यह आरोप लगा कर ख़ुद एक और भी ज़्यादा काला अध्याय लिखने का उपक्रम करने वालों को देख मैं तो भौचक हूं।

**(लेखक न्यूज़-व्यूज़ इंडिया और ग्लोबल इंडिया इनवेस्टिगेटर के संपादक हैं।)**

# पंजाब में आम आदमी पार्टी का एक साल-खालिस्तान फिर उठ खड़ा हुआ

**ब्रह्मदीप अलूने**

सुशासन और लोककल्याण को आधार बनाकर पंजाब की सत्ता में आई आम आदमी पार्टी अपने एक साल पूरे होने का जिस समय जश्न मना रही थी,तभी ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन शहर में भारतीय दूतावास को खालिस्तानी समर्थकों के डर से बंद करना पड़ा। हालांकि इस घटना से भारत की विदेश नीति पर भी गहरे सवाल उठ खड़े हुए क्योंकि हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने भारत यात्रा के दौरान यह साफ कहा था कि वे अपनी जमीन पर भारत विरोधी ताकतों को पनपने नहीं देंगे।

दरअसल पिछले तीन दशकों से पंजाब शांत रहा लेकिन खालिस्तान को उभार देने की वैश्विक कोशिशों में कभी कमी नहीं आई। पिछले साल भगवंत मान की खाली की हुई संसदीय क्षेत्र से उपचुनावों में सिमरनजीत सिंह मान चुने गए,यह बेहद अप्रत्याशित था। सिमरनजीत सिंह मान पंजाबी अस्मिता को खालिस्तान से जोड़कर सिख अतिवाद को बढ़ावा देते रहे है। मान की राजनीति का आधार ही खालिस्तान की बुनियाद पर टिका हुआ है और उन्होंने अपनी जीत पर इसका खुलकर इजहार करते हुए इस जीत को भिंडरावाले की जीत बताया। भिंडरावाले खालिस्तान समर्थक एक ऐसा चरमपंथी था जिसे ऑपरेशन ब्लू स्टार की कार्रवाई में सेना ने मार गिराया था। सिमरन जीत सिंह मान भिंडरावाले को अपना हीरो मानते है। संगरूर लोकसभा उपचुनाव जीतने के बाद जनता का शुक्रिया अदा करते हुए सिमरनजीत सिंह मान ने खालिस्तान का भी ज़िक्र किया। उन्होंने साफ कहा था कि इस जीत का असर विश्व राजनीति पर पड़ेगा,लोगों का साहस ऊंचा है और वे चुप नहीं बैठेंगे।

सिमरनजीत सिंह मान,आम आदमी पार्टी से तो नहीं आते है लेकिन पंजाब की सत्ता में आम आदमी



पार्टी के आने के बाद वर्ग संघर्ष और खालिस्तान समर्थन की कई घटनाएं लगातार सामने आई है। यहां पर सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त के तीखे तेवर भी समस्या को बढ़ाने वाले दिख रहे है। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह सिखों को लायसेंसी हथियार रखने,ख़ालिस्तान का समर्थन करने और सिखों को खुले आम हथियारों की ट्रेनिंग जैसे विवादास्पद बयान दे चूके है। सिमरनजीत सिंह मान मान के सांसद बनने के बाद खालिस्तानी समर्थकों के हौसले बुलंद हुए। इस साल फ़रवरी में अजनाला में जो हुआ वो देश भर में सब ने देखा। खालिस्तान समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह अपने समर्थकों के साथ अपने साथी को रिहा कराने के इरादे से थाने के अंदर पहुँच गए। हथियार लिए हजारों की भीड़ का आतंक पूरे देश ने देखा और महसूस किया,पुलिस के जवान घायल हो गए। अपराधी को रिहा करने के लिए पुलिस को मजबूर होना पड़ा। अमृतपाल सिंह के खालिस्तान समर्थक तेवरों के बाद भी अब तक किसी पर कोई क़ानूनी कार्रवाई भी नहीं की गई है। पंजाब के मोहाली में कौमी इंसाफ़ मोर्चा के नाम पर सिख कैदियों की रिहाई को लेकर सैकड़ों लोग धरने पर बैठे,पुलिस वालों के ऊपर कथित तौर पर हमला कर दिया। पुलिस ने कई लोगों के ख़िलाफ़ मुक़दमा तो दर्ज किया लेकिन किसी को गिरफ़्तार नहीं किया गया।

6 जून को ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी पर अकाल तख़्त साहिब में खालिस्तानियों ने हमेशा कि तरह प्रदर्शन किए,इस दौरान उन्होंने खालिस्तान समर्थक बैनर थामकर खालिस्तान हमारा अधिकार जैसे नारे लगाएं। खालिस्तान की मांग भारत की आन्तरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हो सकती है,अत: इससे जुडी गतिविधियों को रोकने के लिए पंजाब राज्य और केंद्र सरकार को मिलजुल कर काम करना पड़ता है। लेकिन आम आदमी पार्टी की पंजाब में सरकार आने के बाद राज्य की कानून और व्यवस्था की स्थितियां लगातार बिगड़ रही है।

इसी का असर है कि कई सालों तक दुबई में रहकर व्यापार करने एक शख्स अमृतपाल सिंह पंजाब लौटते है और कहते है कि,सिख संप्रभुता संभव है। वे इसका समर्थन करते हैं और अलग सिख होमलैंड के पक्ष में ताल ठोंकते है। इसका असर आम सिखों पर भी पड़ सकता है,इससे आम आदमी पार्टी इत्तेफाक न रखे,लेकिन देश के लिए किसी संकट से कम नहीं। आम सिख धर्म को राजनीती से दूर रखना चाहता है जबकि खालिस्तानी चाहते हैं कि ये राजकाज और धर्म का संचालन गुरुद्वारे ही करें।

पंजाब की सीमा पाकिस्तान को छूती है। यहीं कारण है कि पाकिस्तानी प्रभाव से दिग्भ्रमित खालिस्तान के चरमपंथी दुनियाभर में सिख होमलैंड के पक्ष में प्रदर्शन करते रहे है। कनाडा में काम करने वाली पृथकतावादी ताकतें ऐसे प्रयास कर रही है कि वे कनाडा में ख़ालिस्तान समर्थन सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र पंजाब के पक्ष में एक जनमत संग्रह कराएं। हर साल अगस्त महीने में दुनिया भर में बसने वाला भारतीय समुदाय अपना स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्ण तरीके से मनाता है और इस दौरान कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है। खालिस्तानी समर्थक इस मौके पर भारत विरोध का झंडा बुलंद करते है,लंदन में भी जनमत संग्रह के लिए प्रदर्शन किए जा चुके है। खालिस्तान समर्थको ने इसके पहले 2020 के लिए खालिस्तान के पक्ष में जनमत संग्रह को लेकर एक रैली भी निकाली थी जिसमें भारत विरोधी नारे लगाए गए थे।

पाकिस्तान ने खालिस्तान के लिए ननकाना साहिब में भी लगातार मुहिम चलाई है। दुनियाभर के सिख वहां गुरु नानक देव की जयंती पर जुटते हैं। पाक सिखों को ननकाना साहिब में आने के लिए न केवल उच्च कोटि की सुरक्षा देता है बल्कि वहां खालिस्तान के समर्थन में पोस्टर भी लगाता रहा है। आईएसआई खालिस्तान के नाम पर सिख युवाओं को भडकाकर स्लीपर सेल बनाने को आमादा है। इसके लिए वह स्वर्ण मंदिर से बाहर निकालने के लिए की गई कार्रवाई और सिख विरोधी दंगों के नाम पर विष वमन करती है। इन्टरनेट पर सिख आतंकवादियों की शहादत जैसा महिमामंडन और एनजीओ द्वारा पैसा भेजकर आईएसआई खालिस्तान के दानव को पुन: जीवित करना चाहती है। पाकिस्तान के नारोवाल ज़िले में दरबार साहिब गुरुद्वारा है और यह भारत के पंजाब राज्य की सीमा के बहुत करीब है। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के जीवन से जुडी यहां पर बहुत सारी यादें है और दुनियाभर के सिखों की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा यह पवित्र स्थल है। पाकिस्तान इन स्थानों पर सिखों को आमंत्रित करता है लेकिन भारत विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने का कोई अवसर भी नहीं छोड़ता। पंजाब राज्य में नशे का कारोबार हो या ड्रोन से हथियार गिराने की कोशिशें। भारत की सुरक्षा एजेंसियां सतर्क रहती है लेकिन पंजाब राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद खालिस्तानी समर्थक पंजाब और दुनियाभर में जिस प्रकार लामबंद हुए है,वह भारत की एकता और अखंडता के लिए चुनौती बढ़ा रहा है।

# राज्यपाल बनाम राज्य, विवाद का साम्राज्य

**सरयूसुत मिश्र**

राज्यपालों की भूमिका एक बार फिर सुर्खियों में है. सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में शिवसेना सरकार के गिर जाने से जुड़े मामले में सुनवाई करते हुए टिप्पणी की है कि राज्यपाल निर्वाचित सरकारों को गिराने के लिए राजनीति का हिस्सा बन रहे हैं. शिवसेना में विद्रोह के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को फ्लोर टेस्ट कराने के राज्यपाल के फैसले को सर्वोच्च अदालत ने ठीक नहीं माना है. चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान पीठ ने महाराष्ट्र में राजनीतिक संकट के दौरान तत्कालीन राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठाए. कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल को सावधानीपूर्वक अपनी शक्ति का इस्तेमाल करना चाहिए और इस बात से सचेत रहना चाहिए कि फ्लोर टेस्ट बुलाने से सरकार गिर सकती है..!

राज्यपालों की भूमिका को लेकर लगातार विवाद बने हुए हैं. राज्यपाल और राज्य सरकारों तथा मुख्यमंत्री के बीच अप्रिय स्थितियां बनती देखी जा रही हैं. हाल ही में सुप्रीम कोर्ट को एक ऐसे मामले की सुनवाई करनी पड़ी जिसमें पंजाब के राज्यपाल ने कैबिनेट की सिफारिश के बाद विधानसभा नहीं बुलाई. महाराष्ट्र में पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी और शिवसेना के बीच गठबंधन टूटने के बाद राज्य में सरकार के गठन को लेकर जितने तरह के प्रयोग हुए हैं उनमें राज्य की सरकार के लिए तो जो हालात बने हैं वह अपनी जगह हैं लेकिन राज्यपाल के लिए अप्रिय स्थितियां निर्मित हुई हैं।

सबसे पहले राज्यपाल ने देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई और उस समय एनसीपी के अजीत पवार उप मुख्यमंत्री बने थे. राष्ट्रपति शासन समाप्त कर फडणवीस को दिलाई गई शपथ और फिर वह गठबंधन नहीं चलने पर महाविकास अघाडी सरकार की स्थापना के राजनीतिक घटनाक्रमों में राज्यपाल की भूमिका को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

महाराष्ट्र में फिर शिवसेना में बगावत हुई. एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के अधिकांश विधायकों ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह किया. बगावती विधायक गुवाहाटी के होटल में पहुंचे. राजनीतिक हालातों पर राज्यपाल महोदय ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया. फ्लोर टेस्ट का सामना करने के पहले ही उद्धव ठाकरे ने त्यागपत्र दे दिया।

बदलते घटनाक्रम में एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बने. उसके बाद शिवसेना की आंतरिक लड़ाई में पार्टी और चुनाव चिन्ह पर चुनाव आयोग का फैसला और वर्तमान परिस्थितियां अब सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न याचिकाओं के माध्यम से विचाराधीन हैं. महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे भगत सिंह कोश्यारी सक्रिय राजनेता रहे हैं. वे उत्तराखंड में मुख्यमंत्री रह चुके हैं. महाराष्ट्र में बनी विवादास्पद परिस्थितियों के कारण उन्होंने पद छोड़ने की पेशकश की थी।

राज्यपाल और राज्य के मुख्यमंत्रियों के बीच विवाद बीजेपी के विरोधी दलों द्वारा शासित राज्यों में कमोबेश हर राज्य में बना हुआ है. पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तत्कालीन राज्यपाल (वर्तमान में भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकर) के बीच विवाद सुर्खियों में थे. हालात यहां तक पहुंच गए थे कि दोनों के बीच में सार्वजनिक बयानबाजी तक देखी गई थी. महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, केरल तमिलनाडु, पंजाब जैसे राज्यों में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच में कार्यकारी संबंध ही कहे जा सकते हैं।

राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के बीच में अधिकांश विवाद विधेयकों के अनुमोदन, राज्य के विश्वविद्यालयों में नियुक्तियां और संचालन के अधिकारों को लेकर सामने आते हैं. राज्यपाल विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं. कई राज्यों में राज्यपाल के अधिकारों को भी कानून बना कर छीनने का काम किया गया है।

तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा ऑनलाइन जुए पर प्रतिबंध के लिए पारित विधेयक को पुनर्विचार के लिए लौटाने के कारण विवादों की चर्चा है. संविधान राज्यपाल को विधेयकों को पुनर्विचार के लिए लौटाने की शक्ति देता है. तमिलनाडु के राज्यपाल ने इसके पहले राज्यपाल के अभिभाषण के कुछ हिस्सों को पढ़ना छोड़ दिया था. राज्यपाल का अभिभाषण कैबिनेट द्वारा सरकार की नीति योजना का दस्तावेज होता है. तमिलनाडु में तो राज्यपाल के विरोध में सत्ताधारी पार्टी ने सार्वजनिक प्रदर्शन तक किया है. यह सारी घटनाएं राज्यपाल की भूमिका सवाल उठाती हैं।

संविधान सभा की प्रांतीय संविधान समिति और संघ संविधान समिति ने भारत में सरकार के संसदीय रूप को उपयुक्त मानते हुए सहमति दी थी. प्रांतीय समिति का मत था कि राज्यपाल को सीधे वयस्क मताधिकार द्वारा चुना जाना चाहिए। संविधान के मसौदे में इस प्रावधान को शामिल किया गया है। हालांकि, इस प्रावधान पर बहस करते हुए संविधान सभा ने इस प्रक्रिया को राष्ट्रपति द्वारा सीधी नियुक्ति में बदल दिया।

कई सदस्यों ने तब महसूस किया कि एक निर्वाचित राज्यपाल मुख्यमंत्री के अधिकार को कम कर देगा। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि पार्टी के टिकट पर चुने गए व्यक्ति के बजाय एक निष्पक्ष व्यक्ति को पद के लिए नामांकित करने की आवश्यकता है। पिछले 70 वर्षों में, दो प्रश्न सामने आते रहे हैं। क्या केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त व्यक्ति केंद्र सरकार की राजनीतिक पसंद से अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने में सक्षम हैं? राज्यपाल के विवेक का स्तर क्या है?

राज्यपालों के पास निर्णय लेने की शक्तियां होती हैं. संविधान राज्यपाल को कुछ कार्यों के लिए पूर्ण विवेकाधिकार प्रदान करता है. जैसे उत्तर-पूर्व में कुछ राज्यों में विशेष शक्तियां हैं। कुछ अन्य क्षेत्र हैं जहाँ राज्यपाल को निर्णय लेने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए चुनाव के बाद राज्यपाल को यह तय करना होता है कि किसी एक दल या गठबंधन के पास स्पष्ट बहुमत नहीं होने पर किसे सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया जाए. यदि कोई भी विधान सभा में बहुमत समर्थन प्रदर्शित करने में सक्षम नहीं है तो विधानसभा को भंग करने का निर्णय भी राज्यपाल द्वारा ही किया जाता है. राज्यपाल को मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने और राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश करने का पूरा अधिकार है. स्पष्ट रूप से किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह की कार्रवाई की सिफारिश करने की संभावना नहीं है और यह निर्णय राज्यपाल को ही करना होता है।

पिछले कुछ वर्षों में राज्यपालों द्वारा विधेयकों में देरी करने और राज्य मंत्रिमंडल के निर्णयों के विपरीत अन्य कदम उठाने के कारण तनाव फिर से बढ़ गया है। अब तक छह उच्च स्तरीय समितियों और आयोगों ने इस मुद्दे पर गौर किया है। इन समितियों और आयोगों ने सुझाव दिया था कि राज्यपाल को राज्य से एक अलग एक व्यक्ति होना चाहिए जो हाल ही में राजनीति में शामिल न रहा हो. नियुक्ति से पहले मुख्यमंत्री से परामर्श की भी सिफारिश की गई थी. राज्यपालों की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकाल की सुरक्षा की सिफारिश भी की गई है. सिफारिशों में यह भी कहा गया कि राष्ट्रपति शासन अंतिम उपाय होना चाहिए. इन सिफारिशों में से अधिकांश सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनिवार्य किए गए विश्वास-परीक्षण नियम को छोड़कर नजरअंदाज कर दी गईं हैं. भारत का लोकतंत्र राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच संबंधों में तनाव भुगत रहा है।

राज्यपाल और राज्यों के बीच में विवाद और तनाव लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं कहे जा सकते. राजनीतिक नियुक्तियों के कारण राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए राजनीतिक ढाल बनने से बचना बहुत कठिन होता है. भारत में संघवाद की व्यवस्था में राज्यपाल राज्यों में संघीय शासन के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं।

विरोधी विचारधारा की सरकारों में अक्सर राज्यपाल को राजनीतिक मोहरे के रूप में उपयोग करने की प्रवृत्ति समर्थकों और विरोधियों दोनों में बढ़ती देखी गई है. कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि राज्यपाल की मंशा को राजनीतिक दृष्टि से आलोचना का माध्यम बनाया जाता है. राज्यपाल की भूमिका और नियुक्तियों के संबंध में पूर्व में जो सिफारिशें की गई हैं उन पर विचार कर विवादों को रोकने के लिए समुचित कदम उठाने की जरूरत है. सर्वोच्च न्यायालय में राज्यपाल और राज्यों के विवाद के बढ़ते मामले लोकतंत्र की परिपक्वता पर भी सवाल खड़े करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# समय से नही पहुँच रहे कर्मचारी, जनता हो रही परेशान




ओबेदुल्लागंज। अपने काम के प्रति लापरवाह नगर परिषद के कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर समय से नही पहुँच रहे जिससे आमजन परेशान हो रहे हैं रोजमर्रा के काम करने वालों के अलावा जिम्मेदार विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी स्थानीय नगर परिषद में समय से नही आते जिससे अपने विभागीय काम कराने वाले लोग घँटों इंतजार करने को मजबूर हैं जब इस सम्बंध में नगर परिषद सीएमओ सोनाली शर्मा से बात की तो उन्होंने बताया कि नगर परिषद के कर्मचारी लाडली बहना के सर्वे में व्यस्त है।लेकिन सवाल यही है कि रोजमर्रा के कामों को परिषद में कौन देखेगा।

# सीईओ जिला पंचायत ने ली बैठक

खण्डवा । जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में तकनीकी अमले के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक में मनरेगा के अमृत सरोवर, पेयजल समस्या वाले ग्रामो में नवीन पेयजल कूप निर्माण, लेबर नियोजन, एन.एम.एम.एस. के माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति, शासन द्वारा अनुमत्य निर्माण कार्य ही कराने, आंगनवाड़ी भवन, विगत वर्ष के अपूर्ण कार्य पूर्ण करने, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी तथा सहायक परियोजना अधिकारी उपस्थित थे।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की अनंतिम सूची जारी

खण्डवा। एकीकृत बाल विकास परियोजना छैगांवमाखन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए 10 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खण्डवा की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार पात्र चयनित अभ्यर्थियों की अनंतिम सूची तैयार की गई है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना छैगांवमाखन ने बताया कि खण्ड स्तरीय चयन समिति द्वारा ग्राम मिर्जापुर भौंडवा में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम केसुन, ग्राम देवलामाफी, ग्राम मलगांव, ग्राम काल्दाखेड़ी, ग्राम बरूड़, ग्राम छिरवेल में 2, ग्राम आबूद, ग्राम सिलोदा, ग्राम डुल्हार एवं ग्राम भैरूखेड़ा में आंगनवाड़ी सहायिका के पद के लिए आवेदिका का चयन कर अनंतिम सूची तैयार की गई है। इस सूची के संबंध में किसी को दावे आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह अपनी आपत्ति 21 मार्च तक मय प्रमाण सहित परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना छैगांवमाखन में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं किये जायेंगे।

# आरोग्य भारती को मिला मप्र आयुर्वेद रत्न सेवा पुरस्कार



बरेली । मध्यप्रदेश शासन एवं आयुष विभाग द्वारा पं खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद संस्थान में पं उद्धवदास मेहता वैद्य शास्त्री आयुर्वेद सेवा सम्मान पुरस्कार 2021 का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री रामकिशोर कांवरे शामिल हुए सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। इस बीच सेवा पुरस्कार की बेला में आरोग्य भारती को मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा मध्य प्रदेश आयुर्वेद रत्न सेवा पुरस्कार राज्यपाल,आयुष मंत्री और प्रमुख सचिव द्वारा आरोग्य भारती के राष्ट्रीय महासचिव डाक्टर सुनील जोशी एवं मध्य प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉक्टर अभिजीत देशमुख को पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया 7 डॉ अभिजीत देशमुख ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# ताश का शौकीन शिक्षक दिनेश निलंबित

शिवपुरी - जब शिक्षा के मंदिर का पुजारी ही गलत उदाहरण प्रस्तुत करें तो शिक्षा के मंदिरों का हाल क्या होगा,सहज़ ही समझा जा सकता है। जिले के पिछोर अनुविभाग में पिछले दिनों ताश खेलते हुए ?एक शिक्षक का वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़ ने उक्त शिक्षक को सस्पेंड कर दिया है।जानकारी के अनुसार गोपालपुर स्कूल में पदस्थ? शिक्षक दिनेश ओझा का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें शिक्षक दिनेश ओझा ताश खेलते हुए ?नज़र आ रहे थे। यह वीडियो वायरल होने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने इस मामले में बीईओ पोहरी मोतीलाल खंगार को जांच सौंपी। जहां जांच के बाद उन्हें प्रभार से हटाकर दूसरे शिक्षक को प्रभार सौंप दिया था। सूत्रों की मानें तो शिक्षक के पक्ष में तमाम दबाव के चलते कार्यवाही में विलंब हुआ किंतु अब इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड ने शिक्षक दिनेश ओझा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय पिछोर रखा है।


# घोटालाः प्लांटेशन में लगाए थे 50 हजार पेड़,अब 10 हजार भी नहीं

शिवपुरी- मामला जिले के कोलारस अनुविभाग का है। जहां वनों की रक्षा की जिम्मेदारी जिस विभाग पर है उसी विभाग के अधिकारी रक्षक की जगह भक्षक बन गए हैं। एक तरफ माधव नेशनल पार्क को बचाने के लिए यहां टाईगर छोड़े जा रहे हैं वहीं वन विभाग के जिम्मेदार खुलेआम जंगलों को बर्बाद करने पर तुले हुए है। ऐसा ही मामला कोलारस के सेसई सडक बीट के हीरापुरा से आया है। जहां वन विभाग ने वर्ष 2020-21 में 50 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 50 हजार पौधे रोपे थे। जिसमें विभाग द्वारा सीशम के 27172 पौधे,सीताफल के 5000 हजार पौधे,करंज के 6260 पौधे,आंवला के 3407 पौधे,जामुन के 2145 पौधे,नीम के 1870 पौधे,सागौन के 1056 पौधे और काला सिरस के 3090 सहित 50 हजार पौधे रौपे गए थे। जबकि अब हालात यह है कि इस 50 हजार पौधो के प्लांटेशन में से महज अब 10 हजार पौधे ही जिंदा है। यहां पेड़ों को काटकर बेचने की ख़बर है। साथ ही विभाग के जिम्मेदारों को गुमराह करने के लिए इस प्लांटेशन की बाउंड्री को तोड़ दिया ?है। जिससे यह दिखाया जा सके कि यहां जानवर घुस गए और प्लांटेशन को जानवरों ने खुर्द बुर्द कर दिया है।

हालात यह हैं कि यहां खुलेआम अधिकारीयों की मिली भगत से इस घोटाले को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। यहां विभाग के जिम्मेदारों की जिम्मेदारी को यहां कटे पेड़ों के ठूंठ बखूबी वयां कर रहे है। अब देखना यह है कि विभाग के आला अधिकारियों द्वारा इस पर क्या कार्यावाही की जाती है।

# न्याय के लिये दर दर भटकते विकलांग बाप और बेटे





शहडोल 7 वैसे तो प्रदेश मे बैठी सरकार बड़े बड़े वादे करके ग्रामीण से लेकर शहर की जनता को लाभ दिलाने का वादा करती है पर असल जिंदगी मे ये वादे खोखले साबित होते है जिसका जीता जागता उदाहरण जिले की जनपद जयसिंहनगर मे देखने को मिला जहाँ ग्राम पंचायत कतीरा के जिम्मेदारो द्वारा ग्राम खुशरवाह के निवासी छोटेलाल शर्मा और उनके पुत्र के साथ खुले आम अंधेरगर्दी की गई आपको बता दे रजनीश शर्मा पिता छोटेलाल शर्मा निवासी खुशरवाह ग्राम पंचायत कतीरा द्वारा जिले के मुखिया को शिकायत देते हुए बताया गया की विगत पांच वर्ष पूर्व ग्राम के रोज सहायक व सचिव द्वारा मेरे पिता से जाब कार्ड क्र एमपी 14-002-051-003/189 यह कहकर ले लिया गया की इसमें पैसा आएगा जिससे आपका जीवन गुजारा होगा परन्तु कार्ड लेने के बाद बिना किसी जानकारी के उससे पूरा पैसा निकल लिया गया साथ ही जब मेरे द्वारा अपना कार्ड माँगा गया तो मेरा कार्ड लौटाने मे आना कानी करने लग गये जिसके पश्चात् मेरे द्वारा जब ऑनलाइन निकलवाकर पता किया गया तो पता लगा की पूरा पैसा निकल चुका है मेरे पिता लकवा ग्रसित है जिसके चलते वह आर्थिक स्थिति बद से बत्तर हो चुकी है वही जब इसकी शिकायत मेरे द्वारा जनपद के मुखिया को की गई तो उनके द्वारा मुझे धक्के मारकर भगा दिया गया जिसके चलते मुझ गरीब की पुकार कोई नहीं सुन रहा है 7

### भ्रष्टाचार का दूसरा नाम ग्राम पंचायत कतीरा :

यूँ तो पंचायत विभाग आये दिन कोई ना कोई बातो को लेकर सुर्खियों मे बना रहता है पर बात की जावे ग्राम पंचायत कतीरा की तो शायद इसके लिये एक पूरा पुराण लिखना भी काम होगा जिसके चलते यहाँ के निवासी ग्रामीण आये दिन किसी ना किसी परेशानियों का शिकार होते रहते है पर कहते है ना अंधेरनगरी चौपट राजा कुछ यही हाल यहाँ के जिम्मेदारो का हो चुका है जहाँ पर जिम्मेदारो को अपनी रोटी सेकने से फुर्सत नहीं है जिसके चलते आराजकता व्याप्त हो चुकी है 7

### सत्ता की आड़ मे लिखी जा रही गाथा :

पुष्ट सूत्रों की माने तो ग्राम कतीरा मे निवासरत तथाकथित ठेकेदार द्वारा ऐसे ऐसे निर्माण कार्य करवाये गये है जिसको यदि जिले मे बैठे जिम्मेदारो द्वारा निष्पक्षता से जांच कराई जावे तो ना जाने कितने करोडो का भ्रस्टाचार इस ग्राम मे जिन्न की तरह कैद है यही नहीं जानकारों द्वारा तो यह तक बताया गया की उक्त व्यक्ति सत्ता धारी पार्टी का प्रमुख पदाधिकारी है जिसके चलते जनपद मे बैठे आकाओ की निगाह इस और जाना और जांच करना असंभव हो चला है और इनकी भररेशाही चरम पर है 7

# नार्मदापुरम्-इटारसी के पत्रकार समेत मप्र के 6 पत्रकारों को बाल अधिकार रिपोर्टिंग अवार्ड



इटारसी/भोपाल/ मध्यप्रदेश के छह पत्रकारों को बाल अधिकार पर बेहतरीन रिपोर्टिंग के लिए विकास संवाद बाल अधिकार मीडिया अवार्ड के लिए चुना गया है। वर्ष 2022 में बेहतरीन कवरेज के लिए एनडीटीवी इंडिया के मप्र प्रमुख अनुराग द्वारी, द सूत्र की वरिष्ठ संवाददाता रुचि वर्मा, दैनिक भास्कर इटारसी के ब्यूरो प्रमुख शैलेष जैन और गांव कनेक्शन के लिए रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार सतीश मालवीय को उनकी खबरों के लिए यह पुरस्कार दिया जा रहा है। नवदुनिया विदिशा के ब्यूरो प्रमुख अजय जैन और 101 रिपोर्टर से जुड़े आसिफ सिद्दीकी (खंडवा) की खबरों को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया है। अनुराग ने जहां पर बच्चों के पोषण आहार के घोटाले को सामने लेकर आए, वहीं रुचि ने मप्र में कुपोषण का दाग, शैलेष जैन ने दस वर्षीय बालिका के साथ दुराचार के मामले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की गवाही और दोषी को सजा दिलवाने और सतीश मालवीय ने पारधी समुदाय के बच्चों पर खबरें की हैं। अजय जैन की खबर स्कूल जाने के लिए सात किलोमीटर पैदल चलने और आसिफ की बाल पंचायत की खबर का चयन ज्यूरी ने किया। पत्रकारों को पुरस्कार में 25 हजार रुपए की राशि प्रशस्ति पत्र व ट्राफी, सांत्वना पुरस्कार में पांच हजार रुपए की राशि, प्रशस्ति पत्र व ट्राफी दी जाएगी। इस साल इन अवार्ड के लिए बड़ी संख्या में पत्रकारों की एंट्री प्राप्त हुई थीं। इन सभी पुरस्कारों का चयन वरिष्ठ संपादकों की एक चयन समिति ने किया, इस समिति में वरिष्ठ संपादक श्री चंद्रकांत नायडू, श्री एनके सिंह, श्री राजेश बादल व सुश्री श्रावणी सरकार शामिल हैं। विकास संवाद के राकेश कुमार मालवीय ने बताया कि इन सभी पत्रकारों को 18 मार्च को आयोजित राज्य पुरातत्व संग्रहालय में आयोजित समारोह में पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनसंचार संस्थान के प्रोफेसर आनंद प्रधान का सूचना क्रांति के दौर में सत्य बनाम कुप्रचार, अफ़वाहें और कांस्पिरेसी थियरी-पत्रकारिता की चुनौतियाँ विषय पर व्याख्यान भी होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिंतक, आलोचक विजय बहादुर सिंह करेंगे।

# विकासखंड घंसौर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए 3 एवं 5 अप्रैल को आयोजित होंगे शिविर

सिवनी– कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार आदिवासी विकासखंड घंसौर में दिव्यांगता अस्थिबाधित कुष्ठ रोग मुक्त, चलन दिव्यांगता, बौनापन, मांसपेशिय दुर्विकास, जीर्ण तंत्रिका विज्ञान की स्थिति, स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटी, मल्टिपल स्क्लेरोसिस, थैलेसीमिया, हीमोफिलिया / अधिक रक्तस्राव, सिक्कल कोशिका रोग, तेजाब हमला पीड़ित, पार्किंसन रोग, दृष्टिबाधित अन्धता. कम दृष्टि, श्रवणबाधित श्रवण शक्ति का हास, मूक दिव्यांगता, मानसिकबाधित मानसिक मंदता, मानसिक रुग्णता, प्रमस्तिष्क घात एवं स्व-परायणता बहुदिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए 3 अप्रैल 23 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घंसौर में एवं 5 अप्रैल 23 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केदारपुर में प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर किए जाएंगे। उक्त शिविर हेतु नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं सहायक नोडल अधिकारी समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी को नियुक्त किया गया है। प्रमाणपत्र बनाने एवं नवीनीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज- दिव्यांगजनों को नवीन एवं पुराने प्रमाण पत्र का नवीनीकरण कराने के लिए अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के स्थिति में दिव्यांगता दर्शाती हुई वर्तमान की चार पासपोर्ट साईज फोटो, प्रमाण पत्र नवीनीकरण कराने की दशा में पुराना बनाया गया दिव्यांग प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी., आधारकार्ड की छायाप्रति एवं दिव्यांग का वर्तमान या पूर्व में कराये गये ईलाज के दस्तावेज।



रायसेन। संवाददाता। रायसेन के सागर तिराहे पर युवा कांग्रेस द्वारा महू में आदिवासी युवती से हुए बलात्कार के बाद हत्या ओर पुलिस द्वारा चलाई गई गोली में भेरूलाल नामक युवक की मौत पर विरोध जताते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पुतला दहन किया।।

# विशाल देवी जागरण 28 को खेरापति मंदिर में

**सिवनी—** विगत कई वर्षों से मंगली पेट कस्तूरबा वार्ड स्थित मां खेड़ापति मंदिर में जवारे कलस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से किया जाता है इस कार्यक्रम में सिवनी वासियों सहित अन्य क्षेत्रों के भक्तों द्वारा इस कार्यक्रम में कलश स्थापित की जाती है एवं मोहल्ले वासियों का तन मन धन से सहयोग के चलते यह कार्यक्रम होता है उपलक्ष में खेरापति मंदिर समिति के सदस्यों और नवभारत समाचार पत्र ने इस वर्ष विशाल देवी जागरण कराने का मन बनाते हुए समिति के सभी सदस्यों के अनुसार 28 मार्च को विशाल देवी जागरण का आयोजन रखा गया है जिसमें सिवनी जिले के छोटे से क्षेत्र में रहने वाले ठाकुर रुद्रकांत जोकि पूरे मध्यप्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है जैसे सिवनी जिले को पहचान मिली इन्होंने अलग-अलग राज्यों में देवी जागरण के माध्यम से समय-समय पर कार्यक्रम किए हैं वही सिवनी नगर में कहां लगा दी देर मोरी मैया गीत से अपनी एक अलग पहचान और सिवनी जिले में कई सालों से देवी गीतों के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने वाले अशोक अकेला की प्रस्तुति के साथ विशाल देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा समिति के सदस्य सभी भक्तों से निवेदन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पधारने का निवेदन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की करते हुए उपस्थित होकर धर्म लाभ कमाएं।

# आवेदन 25 मार्च तक आमंत्रित

धार,। मध्य प्रदेश सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के तहत उपायुक्त सहकारिता द्वारा एक विक्रेता द्वारा दो से अधिक संचालित उचित मूल्य की दुकान को अन्य पात्र संस्था आवंटित करने हेतु समर्पित उचित मूल्य दुकान एवं नव गठित ग्राम पंचायतो में नवीन दुकान खोली जाना है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पात्र संस्थाओं को दुकान आवंटित करने हेतु पात्र संस्थाओं से 15 मार्च तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए थे। इच्छुक पात्र संस्थाओं से निर्धारित प्रारूप में आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित तिथि में आवेदन प्राप्त नही होने के कारण आवेदन आमंत्रित करने की तिथि अब 25 मार्च तक बढाई गई है।

# आकाशीय बिजली गिरने से नाबालिक बालक की मौत

ओबैदुल्लागंज। ओबैदुल्लागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को आकाशीय बिजली गिरने से 15 वर्षीय किशोर की मृत्यु हो गई मृतक साहिल पिता शाहिद का इकलौता बेटा था अर्जुन नगर वार्ड नंबर 12 का निवासी अपने रोज की तरह अन्य साथियों के साथ वह दूर नदी किनारे बकरियां चराने गया था। तभी अचानक मौसम बदला और जोरदार बारिश होने लगी पल भर में आकाशीय बिजली चमकने लगी इसी दौरान पास के पेड़ में बिजली गिरने से बालक साहिल उसकी चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी परिजनों को अन्य लोगों द्वारा दी गई परिवार ने बेटे के जिंदा बचने की उम्मीद नहीं छोड़ी और डायल 100 से सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने नाबालिक बालक को मृत घोषित कर दिया।

# कलेक्टर ने समग्र ई-केवायसी शिविरों का निरीक्षण किया

## महिलाओं से की ई-केवायसी कराने की अपील, स्वयं का आधार से लिंक बैंक खाता अनिवार्य



छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर संदीप जीआर ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सफल क्रियांवयन एवं पूर्व तैयारी के संबंध में जिले में लगाए जा रहे ई-केवायसी शिवरों का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने बड़ामलहरा के वार्ड नं 10 एवं ग्राम सिजवाहा में शिविर का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामों में सीएससी सेंटरों में समग्र आईडी का निःशुल्क ई-केवायसी किया जा रहा है। इसकी ग्रामवार मुनादी करवाकर जानकारी दी जाए। साथ ही ई-केवायसी के लिए आने वाली महिलाओं को योजना के संबंध में पात्रता और अपात्रता की जानकारी दें। जिससे महिलाओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़ें। आवेदन करने के लिए महिलाओं का स्वयं का बैंक खाता आधार, डीबीटी सहित और मोबाइल नम्बर से लिंक रहे। अगर नहीं है तो 25 मार्च से पूर्व संबंधित महिला को बैंक जाकर ई-केवाससी कराने की जानकारी दें। कलेक्टर श्री जीआर ने अपनी उपस्थिति में भी केवायसी कार्य करवाया। उन्होंने ग्राम सिजवाहा पहुंचकर नल जल योजना के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया और ई-केवायसी शिविर का निरीक्षण कर ग्रामवासियों से संवाद किया तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना कि जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को सुना और निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जीआर ने महिलाओं से समग्र ई-केवायसी कराने एवं स्वयं का बैंक खाता नहीं होने पर खुलवाने की अपील करते हुए अधिकारियों को बैंकों में आधार लिंकिंग व डीबीटी कार्य के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक भी पात्र महिला की ई-केवायसी होना बांकी नहीं रहे। योजनांतर्गत पात्र 23 से 60 वर्ष की आयु की महिलाओं को नियमानुसार प्रतिमाह 1 हजार रूपये के मान से राशि का भुगतान किया जाएगा। योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं के चिन्हाकन एवं दस्तावेजों को दुरुस्त कराने हेतु ग्राम पंचायत, ब्लाक एवं जिला स्तर पर दल गठित किये गये हैं।

### एसआईएस सुरक्षाकर्मियों की भर्ती के लिये पंजीयन शिविर

छतरपुर,। जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार ने बताया कि एसआईएस द्वारा जिले के समस्त विकासखण्डों में एक-एक दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय जनपद पंचायतों में पंजीयन शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें सुरक्षाकर्मी, सुपरवाईजर, जीटीओ ऑफीसर एवं कस्टोडियल बैंक हेतु इच्छुक बेरोजगार युवकों का पंजीयन किया जायेगा। पंजीकृत युवाओं को प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा स्थाई रोजगार से जोड़ा जायेगा। भर्ती एवं पंजीयन के लिये शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं और स्नातक, आयु 21-35 वर्ष, ऊंचाई 168 से सेमी के ऊपर, वजन 56-60 किलो और सीना 80-85 होना चाहिये। पंजीयन शिविर 20 मार्च को लवकुशनगर जनपद पंचायत में, 21 को राजनगर, 24 को बिजावर, 25 को गौरिहार, 27 को ईशानगर के ग्राम पंचायत भवन में, 28 को बकस्वाहा, 29 को बड़ामलहरा, 31 को घुवारा पंचायत भवन में, 01 अप्रैल को नौगांव और 03 को छतरपुर ब्लॉक के जनपद कार्यालयों में शिविर लगाये जाएगे। इस कार्यक्रम में कोई भी शासकीय राशि व्यय नहीं की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए भर्ती अधिकारी मोबाईल नं. 9131557489 पर संपर्क करें।

# शहडोल-रीवा हाईवे के पास आम पेड़ में लटकता मिला अज्ञात शव

शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खामडाढ़ में एक अज्ञात व्यक्ति का शव आम के पेड़ में लटकता मिला है जिसमे मर्ग कायम कर पुलिस जांच में जुटी है आपको बता दे बीते शुक्रवार को उक्त व्यक्ति का शव शहडोल-रीवा हाईवे पर गाँव में ही एक स्थान पर लगे आम पेड़ पर लटकते हुए लोगों ने देखा। जिसके बाद मौके पर क्षेत्रवासियों की भीड़ जमा हो गई। जिसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी। मिली जानकारी के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। मृतक की पहचान खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी थी। मिली जानकारी अनुसार, मृतक के गुप्तांग से खून का रिसाव हो रहा था। जिसे लेकर लोगों ने हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है। लोगों का कहना है कि, हत्या के बाद मामले को आत्महत्या प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है। बहरहाल, पुलिस ने अभी इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। मर्ग कायम कर पुलिस ने विवेचना में लिया है।

### पिता ने की हैवानियत की हदें पार, 23 साल की बेटी से किया रेप

शहडोल -बेटी के लिए उसके पिता से बढ़कर कोई नहीं होता, लेकिन शहड़ोल जिले अमलाई थाना इलाके में एक पिता ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दी, उसने अपनी 23 साल की बेटी से दुष्कर्म की घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। बेटी के विरोध करने पर पिता ने उसे जानवरों की तरह पीटा, यह घटना उस वक्त हुई जब पीड़िता की मां घर पर नहीं थी। महिला थाने में मामले की शिकायत पर दुराचारी पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अमलाई पुलिस ने गिरफ्तार लर लिया है।अमलाई थाना क्षेत्र में रहने वाले एक पिता ने अपने 23 वर्षिय पुत्री के साथ दुरचार किया, बेटी के द्वारा विरोध करने पर पिता उसके से बेरहमी से पिटाई करता था, जिससे डरी सहमी बेटी पिता के जुल्म को सहती रही।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्ष कार सौरभ पालीवाल आत्मज श्री रमेश पालीवाल निवासी सी एक 1/204 पारस हमिटेज होशंगाबाद रोड बावड़िया कला तहसील हुजूर जिला भोपाल ने श्रीमती हर्षिता पाठक पुत्री श्याम राव पाठक निवासी 9 एचआईजी होशंगाबाद रोड मोटेल सिराज के पास शिवाजी नगर भोपाल निवासी से फ्लैट नंबर सी 3/503 ब्लॉक नंबर सी3. पारस एमिटेज होशंगाबाद रोड बावड़िया कला तहसील हुजूर भोपाल मध्य प्रदेश में स्थित है इसका विक्रय अनुबंध किया है उक्त विषय में जिस व्यक्ति भी कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रसारित होने के दिनांक से 7 दिवस के अंदर संपर्क साथ कर अपना पक्ष मेरे समक्ष प्रस्तुत करें

**धर्मेंद्र वाधवानी अधिवक्ता**
**सहीद नगर भोपाल मध्य प्रदेश, मोबाइल9893488943**

## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण

क्रमांक 620 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 22 भोपाल, दिनांक 19/10/2022

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी सेक्टर ए योजना में स्थित भूखण्ड क्रे. 27 ए श्री विष्णु अग्रवाल एवं श्री ए.के. अग्रवाल के नाम पर आवंटित है। आवंटी द्वारा मुख्तारआम श्री अरविन्द्र जैन पार्टनर मो. गौरव कन्सट्रक्शन कंपनी द्वारा भूखण्ड पर बहुमंजिला निर्माण कर भूखण्ड पर निर्मित दुकान क्रं. 02 भूतल जिसका क्षेत्रफल 182 वर्गफिट का विक्रय श्री ओमप्रकाश जी राठी आ. स्व.श्री मुरलीधर जी राठी को पंजीयन कार्यालय पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 05.06.2000 को पंजीकृत करा दिया गया है। श्री ओमप्रकाश राठी द्वारा प्राधिकरण में नामांतरण नहीं कराया गया अब उनका स्वर्गवास दिनांक 26.11.2011 को हो जाने के कारण उनके वारिसगण श्री मनीष राठी आ. स्व.श्री ओमप्रकाश राठी एवं श्रीमती नीलम राठी पत्नी श्री मनीष राठी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र, पंजीकृत वसीयत एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त दुकान क्रं.- 02 संयुक्त नाम पर कराना चाहते है यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

## कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

**जलकार्य विभाग**

क्रमांक 563 टी.एस./ ज.का. वि./ 2022-23 भोपाल, दिनांक 16.03.2023

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा प्रपत्र अ में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं कार्य संबंधित विवरण https://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| S No. | Details of Work | Estimated Cost | Ernest Money (EMD) | Cost of Tender Document | Completion Period | Tender No. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing of well at Rishi Nagar Under Ward No. 46 Zoen No.08 (As per BOQ) | 537826/- | 10757/- | 2000/- | 30 days | 2023_UAD_251497_2 |

**शर्तेः-** 1. धरोहर राशि ऑनलाईन एन.ई.एफ.टी. के रुप में आयुक्त नगर निगम भोपाल के नाम ही स्वीकार्य होगी। 2. निविदा 180 दिवस तक वैध रहेगी। 3. निविदाकार को लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 4. ठेकेदार द्वारा ई.पी.एफ. रजिस्ट्रेशन सर्टीफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 5. ठेकेदार द्वारा जी. एस.टी. सर्टीफिकेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 6. सफल निविदाकार को ठेके की राशि के 3 प्रतिशत राशि के बराबर परफारमेंस सिक्यूरिटी जमा करना अनिवार्य होगा।

**नि.क्र. 1812/022/023**

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर निगम, भोपाल**

# अवीवा इंडिया ने अवीवा न्यूइनिंग्स पेंशन प्लानलॉन्च किया

भारत की सबसे भरोसेमंद प्राईवेटलाईफइंश्योरेंस कंपनी, अवीवालाईफइंश्योरेंस ने अवीवान्यूइनिंग्स पेंशन प्लान के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक नॉन-लिंक्ड, नॉन-पार्टिसिपेटिंग व्यक्तिगत पेंशन प्लान है। यह प्लान एक बार में या फिर नियमित प्रीमियम के रूप में भुगतान करके धनराशि एकत्रित करने के लिए बनाया गया है, जो रिटायरमेंट के बाद वार्षिकी के रूप में आय का एक सुरक्षित एवं स्थिर स्रोत प्रदान कर सके। अवीवान्यूइनिंग्स पेंशन प्लान ग्राहकों को मैच्योरिटी पर अपने द्वारा दिए गए प्रीमियम की 336 प्रतिशत तक धनराशि प्रदान करेगा। इसके अलावा यह 51 साल या उससे अधिक उम्र के पॉलिसीधारकों को बेहतर रिटर्न भी देगा। इसलिए यह रिटायरमेंट के लिए एक उत्तम विकल्प है। प्रवेश करने के लिए उम्र और प्रीमियम भुगतान के विकल्पों में लचीलापन देते हुए यह प्लानग्रहकों को अपनी जरूरतों और वित्तीय उद्देश्यों के अनुरूप अपने रिटायरमेंट की योजना को कस्टमाईज़ करने में समर्थ बनाएगा।मार्केटिंगहेड, श्री विनीत कपाही ने कहा, ''अवीवा इंडिया में हम वित्तीय रूप से मजबूत भविष्य के लिए कंपाउंडिंग के प्रभाव और समय पर रिटायरमेंटप्लानिंग करने के महत्व को समझते हैं। अवीवान्यूइनिंग्स पेंशन प्लान का उद्देश्य पेंशन राशि की जल्दी प्लानिंग करने को प्रोत्साहन देना और ग्राहकों को अपने स्वर्णिम वर्षों के दौरान वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित कर लेने में मदद करना है। प्रीमियम भुगतान के विभिन्न विकल्पों और उच्च रिटर्न प्राप्त करने की क्षमता के साथ हमारे पॉलिसीधारक यह भरोसा कर सकते हैं कि उनका निवेश उन्हें रिटायरमेंट के वित्तीय उद्देश्य पूरे करने में मदद करेगा।

# श्री केशव सीमेंट ने 45.98 करोड़ रुपए केफंडजुटानेकीघोषणाकी

मुंबई, । कर्नाटक में सीमेंट और सोलर पावर की एक प्रमुख निर्माता, श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड ( बीएसई-530977 ) ने इम्टी शेयर और इम्टी शेयर वारंट्स के प्रेफरेंशियल इश्यू के मार्फत फंड जुटाने के पहल की घोषणा की है कंपनी का उद्देश्यकुल 45.98 करोड़ रुपए एकत्र करना हैजिसमे प्रत्येक ?125 प्रति शेयर मूल्य पर 15,72,000 इम्टी शेयर जारी कर 19.65 करोड़ रुपए और प्रत्येक ?130 मूल्य पर 20,25,000 इम्टी शेयर वारंट जारी कर 26.33 करोड़ रुपए जुटाने का समावेश है इसके अलावा कंपनी की प्रमोटर और प्रमोटर ग्रुप के 24 करोड़ के असुरक्षित लोन को प्रत्येक ?125 मूल्य के 19,20,000इम्टी शेयरों में परिवर्तित करने की योजना है इस फंड एकत्र करने से कंपनी अपनी कुल सीमेंट क्षमता को 3,50,000 मेट्रिक टन वार्षिक से बढ़ाकर 10,00,000 मेट्रिक टन वार्षिक करने में समर्थ होगी फंड एकत्र करने में हिस्सा लेने वाले प्रमुख निवेशकों में सेंट कैपिटल फंड, चिंदक ब्रदर्स ( वेगा हेलमेट्स )का फैमिली ऑफिस, टीम इंडिया मैनेजर्स लिमिटेड का समावेश है प्राइम सिक्योरिटीज लिमिटेड और न्यू बेरी एडवाइजर्स लिमिटेड एडवाइजर 2 दी इश्यू है प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के चेयरमैन, श्री वेंकटेश कटवा ने कहा, एकत्र फंड का उपयोग कंपनी की विस्तार योजना के लिए किया जाएगा 7 जिससे हमारी क्षमता बढ़कर 10 लाख मैट्रिक टन वार्षिक होगी 7 इस विस्तार के साथ हम अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और उपकरण से लैस होंगे और कैपटिव सोलर प्लांट के साथ हमारे प्लांट का आधुनिकीकरण होगा 7 हम उद्योग में एक प्रति टन सर्वोच्च एबिटडा हासिल करने की उम्मीद करते हैं श्री केशव सीमेंट एंड इंफ्रा लिमिटेड की श्रेष्ठ गुणवत्ता के प्रोडक्ट और सर्विस प्रदान करने के लिए अच्छी ख्याति है 7 इस फंड एकत्र करने की पहल के साथ कंपनी अपनी ग्रोथ ट्रांजैक्ट्री जारी रखने और अपने शेयरधारकों को वैल्यू प्रदान करने के लिए बेहतर स्थिति में है

# नीट पीजी 2023 परीक्षा के टॉप 5 एआईआर रैंक में प्रेपलैडर के लर्नर्स ने बनाई जगह

प्रेपलैडर, जो कि भारत की एक लीडिंग ऑनलाइन मेडिकल की तैयारी कराने वाले प्लेटफॉर्म में से एक है, ने घोषणा की कि हाल ही में संपन्न हुई नीट पीजी 2023 की परीक्षा में टॉप 10 एआईआर रैंक होल्डर्स में से 8 प्रेपलैडर से हैं। इन टॉप 8 में एआईआर 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7 एवं 10 रैंक होल्डर्स शामिल हैं। नीट पीजी की परीक्षा को, एनबीई (नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन) द्वारा आयोजित किया जाता है, जो कि देश में गवर्नमेंट (सरकारी) एवं प्राइवेट मेडिकल इंस्टिट्यूट्स (निजी चिकित्सा संस्थानों) में पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करने के इच्छुक एमबीबीएस ग्रेजुएट्स के लिए एक नेशनल लेवल की मलीफाईंग तथा रैंकिंग परीक्षा है। एनबीई द्वारा जारी परिणामों में 8 प्रेपलैडर के लर्नर्स शामिल थे जिन्होंने आयोजित परीक्षा में टॉप 10 एआईआर रैंक तथा 700 से अधिक अंक हासिल किए है। इसके अलावा, अत्यधिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद, 30 से अधिक लर्नर्स ने एआईआर 100 के तहत टॉप रैंक हासिल की है। प्रेपलैडर के टॉप स्कोरर्स में जयपुर की डॉ. आरुषि नरवानी (एआईआर 1) ने 725 अंक हासिल किये, वंही वडोदरा के डॉ. प्रेम तिलक पलानी (एआईआर 2), और चरखी दादरी के डॉ. रूपेश ठोलिया (एआईआर 3) दोनों ने 721 अंक हासिल किये। इसके बाद वड़ोदरा से ही डॉ. आकाश सेठी (एआईआर 4) ने 718 अंक, मुंबई से डॉ. मचावे अमेय प्रसाद (एआईआर 5),ने 717 अंक, लाडवा से डॉ. केशव गर्ग (एआईआर 6) ने 716 अंक, तथा दिल्ली से डॉ सागर लांबा (एआईआर 10) ने 711 अंक हासिल किये।

# मारुति ने लॉन्च की देश की पहली CNG सब-कॉम्पैक्ट SUV:एक किलो सीएनजी में 25.51 किमी चलेगी




नई दिल्ली। मारुति सुजुकी ने अपनी सबसे पॉपुलर एसयूवी ब्रेजा का सीएनजी वर्जन भारत में लॉन्च कर दिया है। यह कार देश की पहली सब-कॉम्पैक्ट स्ङ्क है जो फैक्ट्री-फिटेड सीएनजी किट से लैस है। कंपनी का दावा है कि ये कार ष्ठह्रत्र फ्यूल पर 25.51 चरू/यत्र का माइलेज देगी। कंपनी ने नई मारुति सुजुकी ब्रेजा को 4 वैरिएंट में 9.14 लाख रुपए की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है। कार की बुकिंग ओपन हो चुकी है, कस्टमर इसे 25,000 की टोकन राशि देकर बुक कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो कंपनी कार की डिलीवरी तीन से चार महीनों में शुरू कर सकती है। ब्रेजा सीएनजी को मारुति ने सबसे पहले दिल्ली में हुए ऑटो एक्सपो-2023 में अनवील किया था। ब्रेजा में पेट्रोल वैरिएंट की तरह ही च-सीरीज का 1.5 लीटर डुअल जेट, डुअल बाई-फ्यूल इंजन दिया गया है। ये इंजन सीएनजी मोड पर 87.7 क्क की पावर और 121.5 ह्द्व का पीक टॉर्क जनरेट करता है, वहीं पेट्रोल मोड पर 100.6 क्क का मैक्सिमम पावर और 136.5ह्द्व का टॉर्क जनरेटक करता है।

# मॉर्टीन ने दमदार सुरक्षा के लिए लॉन्च किया वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मॉर्टीन स्मार्ट+

**दिल्ली।** भारत के जाने-माने घरेलू कीटनाशक ब्रांड मॉर्टीन ने तकनीकी रूप से एडवांस अपने नए लिम्डि वेपोराइजर मॉर्टिन स्मार्ट+ के लॉन्च की घोषणा की है। गुरुग्राम के एंबियंस मॉल में स्थित पीवीआर सिनेमा में ग्राहकों के साथ एक खास कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने मॉर्टिन स्मार्ट+ को लॉन्च किया। भारत का सबसे तेज़ और सबसे शक्तिशाली फ़ॉर्मूला**, मॉर्टीन स्मार्ट+ को स्विच ऑफ करने के बाद भी यह 2 घंटे* तक मच्छरों से सुरक्षा प्रदान करता है।आज के समय में मच्छर से पैदा होने वाली बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। हमें हर साल डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों के मामलों की संख्या में वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे सुरक्षा के लिए हमें अब बेहतर मॉस्क्टिो रेपेलेंट जरूरत है। मॉर्टीन हमेशा से ग्राहकों के लिए तकनीकी रूप से एडवांस और प्रभावी सुरक्षा पेश करने में सबसे आगे रहा है। हाल ही में कंपनी द्वारा लॉन्च किए गए मॉर्टीन स्मार्ट+ का भारत के गुरुग्राम स्थित मॉर्टीन एडवांस्ड रिसर्च लैब में परीक्षण किया गया है और यह वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एक बेहतर समाधान साबित हुआ है। यह तेजी से काम करता है और स्विच ऑफ* करने के 2 घंटे बाद भी यह बीमारी पैदा करने वाले मच्छरों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है।लॉन्च के मौके पर बात करते हुए श्री सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हाइजीन, रेकिट - साउथ एशिया ने कहा, %%इनोवेशन हमेशा से मॉर्टीन के डीएनए में शामिल रहा है और हम मच्छरों से पैदा होने वाले रोगों से आपके परिवार को सुरक्षित बनाने के लिए हमेशा बेहतर समाधान पेश कर रहे हैं और ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। हाल ही में लॉन्च किया गया, वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित मॉर्टीन स्मार्ट+ एक एडवांस मॉस्क्टिो रेपेलेंट सॉल्यूशन के साथ पहले से बेहतर सुरक्षा प्रदान कर रहा है। इसमें भारत का सबसे तेज़ फ़ॉर्मूला** दिया गया है और स्विच ऑफ* करने के 2 घंटे बाद भी इसका असर बना रहता है। इसकी मदद से यह हमारे परिवारों को मच्छरों से लंबे समय तक सुरक्षित रखता है। हम हमेशा से ग्राहकों को अत्याधुनिक वैज्ञानिक तकनीक के साथ विशेषज्ञ सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता रहे हैं। यह नया प्रोडक्ट हमारी इसी कोशिश का प्रमाण है। इसके साथ ही यह नया प्रोडक्ट 2030 तक भारत को मलेरिया मुक्त बनाने के हमारे लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपर्ण कदम भी है। यह नया प्रोडक्ट पहले से अधिक प्रभावशाली है, इस बात को प्रदर्शित करने के लिए मॉर्टीन ने पीवीआर थिएटर की स्क्रीन पर मच्छर के हमले जैसा प्रभाव प्रदर्शित करने का प्रयास किया। इसमें मच्छरों की भनभनाहट जैसा साउंड इफेक्ट भी दिया गया। इसके बाद स्क्रीन पर यह बताया गया कि थिएटर हॉल को नए मॉर्टीन स्मार्ट + की मदद से सुरक्षित बनाया गया है। अपनी तरह के इस अनूठे




कंज्यूमर एंगेजमेंट कार्यक्रम ने मॉर्टीन स्मार्ट+ ** में उपयोग किए गए बेहतर फॉर्मूले की जानकारी दी गई, जो बेहद प्रभावी तरीके से आपके परिवार की सुरक्षा करता है। इस मौसम में आप वेक्टर-जनित बीमारियों का मुकाबला कर सकें, इसके लिए मॉर्टीन संपूर्ण परिवार की सुरक्षा के लिए प्रभावी मॉस्क्टिो रेपेलेंट के उपयोग की जरूरत पर लोगों के बीच जागरूकता फैला रहा है। नया मॉर्टीन स्मार्ट+ स्टोर्स में सिंगल रीफिल में उपलब्ध है। सिंगल रिफिल की कीमत 85/- रुपये है।

# बजाज आलियांज लाइफ ने अपने प्रमुख टर्म प्लान्स पर आकर्षक छूट की पेशकश की

**पुणे ।** टर्म प्लान के कई महत्व हैं। और इस बात की सिफारिश भी है कि प्रत्येक व्यक्ति, विशेष रूप से परिवार के कमाऊ सदस्य के पास यह होना ही चाहिए ताकि परिवार के मुख्य पालक की दुखद मृत्यु की स्थिति में आश्रित परिवार आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सके। कम उम्र में खरीदे जाने पर ये टर्म प्लान अपेक्षतया किफायती कीमत पर मिल जाते हैं। अपने परिजनों की सुरक्षा के लिए अधिकाधिक लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु, भारत के प्रमुख निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने एक नई पहल की घोषणा की है।बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने पहली बार व्यक्तिगत टर्म प्लान लेने वालों के लिए इंडस्ट्री में पहली बार छूट देने की घोषणा की है। ग्राहक, बजाज आलियांज लाइफ के प्रमुख टर्म प्लान - बजाज आलियांज लाइफ ईटच और बजाज एलियांज लाइफ स्मार्ट प्रोटेक्शन गोल पर 10त्न (संचयी) छूट का लाभ उठा सकते हैं और अपने प्रियजनों के जीवन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। कंपनी पहली बार जीवन बीमा पॉलिसी खरीदने वालों को टर्म प्लान के पहले साल के प्रीमियम पर 5त्न की विशेष छूट दे रही है। इसके अतिरिक्त, वेतनभोगी ग्राहक 5त्न की विशेष एक बार की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनके पहले साल के प्रीमियम पर कुल 10त्न तक की छूट मिल जाएगी। ये आकर्षक मूल्य वाले टर्म प्लान बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस के सभी वितरण बिंदुओं पर उपलब्ध हैं। उद्योग की इस प्रथम पहल के लॉन्च के बारे में बताते हुए, बजाज आलियांज लाइफ के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री तरुण चुग ने कहा, ÷हमारा जोर जीवन बीमा को किफायती और आसान बनाना है, ताकि अधिक से अधिक ग्राहक हमारे द्वारा प्रदत्त उत्पादों का लाभ उठा सकें। टर्म प्लान किसी भी वित्तीय पोर्टफोलियो का एक अनिवार्य हिस्सा होने के साथ-साथ ऐसे महत्वपूर्ण उत्पाद हैं जो ग्राहकों के मन को शांति देते हैं। मुझे विश्वास है कि यह उद्योग-प्रथम पहल अपनी जीवन बीमा यात्रा शुरू करने वाले पॉलिसीधारकों के लिए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस को उनकी पहली पसंद बनने में सक्षम बनाएगी और इस तरह देश के भीतर बीमा की पैठ बढ़ाने में मदद करेगी।

# एलएंडटी फाइनेंस ने लॉन्च किया वेयरहाउस रिसिप्ट फाइनेंसिंग

मुंबई, । एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड की सब्सिडियरी और प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में से एक एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड (रुभ्स्न) ने वेयरहाउस रिसिप्ट फाइनेंसिंग ) लॉन्च किया है, जो एग्री-कमोडिटी के एवज में लोन सुविधाओं के लिए अपनी तरह का पहला डिजिटल-सहायता प्राप्त तरीका है। लोन सिक्योर करने के लिए कोलैटरल (लोन के बदले में गिरवी या सिक्योरिटी रखना) के रूप में कमोडिटी के उपयोग की सुविधा प्रदान करता है। पैनल में शामिल कोलैटरल मैनेजर द्वारा व्यावसायिक रूप से प्रबंधित वेअरहाऊस में कमोडिटीज का संग्रहण किया जाता है। इस व्यवस्था के तहत कमोडिटीज की गुणवत्ता और मात्रा की जांच की जाती है, जिसके आधार पर किसानों, व्यापारियों और प्रॉसेसर्स यानी प्रसंस्करणकर्ताओं को कोलैटरल मैनेजर द्वारा रसीद जारी की जाती है। इसके बाद रसीद का उपयोग रुभ्स्न से लोन सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए कोलैटरल के रूप में किया जा सकता है। वेयरहाउस रिसिप्ट फाइनेंसिंग महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात इन चार राज्यों में ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगा और इस उत्पाद की पेशकश के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। वर्तमान में, यह सुविधा बाजार द्वारा पारंपरिक तरीके से पेश की जाती हैं जो मुख्य रूप से मैनुअल हैं। वहीं प्रत्येक लोन आवेदन को स्वीकृत होने में 7 -10 दिन लगते हैं। इस उत्पाद के लॉन्च के साथ, ग्राहकों को मोबाइल एप्लिकेशन प्लैनेट के माध्यम से लोन आवेदन दाखिल करने के 24 घंटों के भीतर मंजूरी प्राप्त करने और अपने लोन से संबंधित सभी जानकारी रखने का अनुभव प्राप्त होगा। किसान, व्यापारी और प्रोसेसर एक लाख रुपये से दस करोड़ रुपये के बीच की राशि के लिए आकर्षक ब्याज दरों पर नजदिकी रुभ्स्न शाखा में इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। स्वीकृत राशि योग्यता या पात्रता जांच और लोन मार्जिन रेंज पर आधारित होगी। वहीं स्वीकृत राशि गुणवत्ता मानकों के आधार पर कमोडिटी के बाजार मूल्य के 25 फीसदी से 30 फीसदी के बीच होगी। एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ दीनानाथ दुभाशी ने वेयरहाउस रिसिप्ट फाइनेंसिंग के लॉन्च पर कहा कि हमारा लक्ष्य 2026 तक या उससे पहले एक शीर्ष-स्तरीय, ग्राहक-केंद्रित, डिजिटल रूप से सक्षम रिटेल फायनांस कंपनी बनना है। उसी के अनुरूप, हम अपने ग्राहकों को उन उत्पादों के साथ जोड़ने के लिए लगातार काम कर रहे हैं जो उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल हों और साथ ही उनकी आवश्यकता के समय उपलब्ध हों।

# एयरटेल ने अपने 5जी ग्राहकों के लिए अनलिमिटेड डाटा ऑफर पेश किया

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी टेलीकम्यूनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर, भारती एयरटेल ( ÷एयरटेल÷ ) ने आज अपने ग्राहकों को 5जी प्लस नेटवर्क के अनुभव को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अनलिमिटेड 5जी डेटा ऑफर लॉन्च करने की घोषणा की।ग्राहक अब डेटा खत्म होने की चिंता किए बिना अल्ट्राफास्ट, विश्वसनीय और सुरक्षित 5जी प्लस सेवाओं का अनुभव कर सकेंगे, क्योंकि कंपनी सभी मौजूदा प्लान में डेटा उपयोग पर लगी सीमा को हटा रही है।सभी पोस्टपेड ग्राहक और वे प्रीपेड ग्राहक जिनके पास 239 रुपये या उससे अधिक का डेटा प्लान है वह इस ऑफर का लाभ उठा सकेंगे। एयरटेल 5जी प्लस सेवा देश के 270 से अधिक शहरों में ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी। उन्हें बस इतना ही चाहिए होगा- 1. एक 5त्र इनेबल्ड डिवाइस, 2. 5त्र नेटवर्क क्षेत्र में होना। ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप पर लॉग ऑन कर, ऑफर क्लेम कर सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, भारती एयरटेल के डायरेक्टर कंज्यूमर बिजनेस, शाश्वत शर्मा ने कहा, ÷हम अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ उत्पादों और सेवाओं से संतुष्ट करने के लिए तत्पर हैं। यह प्रारंभिक पेशकश हमारे ग्राहकों को डेटा लिमिट की चिंता किए बिना तेज गति से सर्फ करने, स्ट्रीम करने, चैट करने और कई लाभों का आनंद लेने की फिलॉसफी के अनुरूप है। हमें उम्मीद है कि हमारे ग्राहक विश्व स्तरीय एयरटेल 5जी प्लस की शक्ति का आनंद लेंगे। एयरटेल 5जी प्लस के तीन आकर्षक फायदे हैं। इसकी गति 4त्र से 30 गुना अधिक है, यह एक ऐसी तकनीक पर चलता है जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया गया है और एक ऐसा नेटवर्क जो पर्यावरण के अनुकूल है। दूर-दराज के कस्बों और गांवों तक भी इसकी सेवा की उपलब्धता भी तेजी से बढ़ रही है। कंपनी राष्ट्रव्यापी कवरेज की पेशकश करने की दिशा में काम कर रही है और मार्च 2024 के अंत तक 5जी सेवाओं के साथ हर कस्बे और प्रमुख ग्रामीण क्षेत्र को कवर करने के लिए अच्छी तरह से तैयार है। बीते एक वर्ष में विभिन्न प्रकार के उन बेहद असरकारक उपयोग के मामलों में एयरटेल ने 5जी की अपनी क्षमता प्रदर्शित की है, जो ग्राहकों के व्यक्तिगत जीवन और बिजनेस करने के तरीके दोनों को बदल देंगे। हैदराबाद में भारत के पहले लाइव 5जी नेटवर्क से लेकर बेंगलुरू में बॉश फैसिलिटी में भारत के पहले निजी 5जी नेटवर्क तक चाकन मैन्युफैक्ख्रिंग फैसिलिटी बनाने के लिए महिंद्रा एंड महिंद्रा के साथ साझेदारी, भारत की पहली 5जी इनेबल्ड ऑटो मैन्युफैक्ख्रिंग यूनिट, हर जगह एयरटेल 5जी इनोवेशन के मामले में आगे रहा है।

# सोने-चांदी में शानदार तेजी, 58 हजार के पार निकला सोना, चांदी भी 67 हजार के करीब पहुंची

नई दिल्ली। इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में शानदार तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के अनुसार सर्राफा बाजार में इस हफ्ते की शुरुआत, यानी 13 मार्च को सोना 56,748 रुपए पर था जो अब 18 मार्च को 58,220 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 1,472 रुपए बढ़ी है।

कैरेट के हिसाब से सोने की कीमत

| कैरेट | भाव (रुपए/10 ग्राम) |
|---|---|
| 24 | 58,220 |
| 23 | 57,987 |
| 22 | 53,329 |
| 18 | 43,665 |

अनिश्चितता वाले महौल में दुनियाभर के निवेशक सुरक्षित निवेश के लिए सोने का रुख कर रहे हैं। इसके चलते स्ष्टङ्ग (वायदा बाजार) पर शुक्रवार को सोना पहली बार 59,420 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचा।

केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है।

सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 65 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। सर्राफा बाजार में ऑलटाइम हाई के करीब सोना

बीते हफ्ते की बढ़त के बाद सर्राफा बाजार में सोना अपने ऑलटाइम हाई के करीब पहुंच गया है। पिछले महीने 2 फरवरी को सोना ऑल टाइम हाई पर था। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, तब सोना 58 हजार 882 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था।

**चांदी भी 67 हजार के करीब पहुंची:** वेबसाइट के अनुसार इस हफ्ते चांदी में 3 हजार रुपए से ज्यादा की तेजी देखने को मिली है। इस हफ्ते की शुरुआत में ये 63,430 रुपए पर थी जो अब 66,773 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 3,343 रुपए बढ़ी है।

# बैलेंसशीट के संतुलन पर ध्यान दें भारतीय बैंक, इसकी वजह से अमेरिका में संकट आया

नई दिल्ली। दुनियाभर के बैकों में चल रहे संकट को देखते हुए भारतीय रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांता दास ने शुक्रवार को बड़ा बयान दिया है। दास ने भारतीय बैंकिंग सेक्टर को चेतावनी देते हुए कहा कि, वे अपनी बैलेंसशीट के संतुलन पर ध्यान दें, ताकि एसेट-लायबिलिटी का संतुलन न गड़बड़ाए। एक सार्वजनिक समारोह मगवर्नर ने कहा कि, बैलेंसशीट के असंतुलन की वजह से ही अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर में संकट आया है। बता दें कि अमेरिका में बैंकिंग सेक्टर क्राइसिस थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिलिकॉन वैली बैंक और सिग्नेचर बैंक के बाद अब फर्स्ट रिपब्लिक बैंक पर भी बंद होने का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि, फर्स्ट रिपब्लिक बैंक को डूबने से बचाने के लिए अमेरिका के 11 बैंक आगे आए हैं। गवर्नर शक्तिकांता दास प्राइवेट डिजिटल करेंसीज के मुखर आलोचक रहे हैं। उन्होंने कहा कि, अमेरिका के बैंकिंग सेक्टर में आया संकट ये दिखाता है कि प्राइवेट क्रिप्टोकरेंसी, इकोनॉमी के लिए कितना बड़ा खतरा पैदा कर देती हैं। गवर्नर ने कहा कि, घरेलू फाइनेंशियल सेक्टर स्थिर है और महंगाई का सबसे बुरा दौर बीत चुका है। ने कहा, हमें डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि बाहरी देशों से लिया गया कर्ज मैनेजेबल है और इस वजह से डॉलर में आई मजबूती से हमारे लिए कोई खतरा नहीं है।

# अगर आपको डायबिटीज है तो इफ्तार का मजा लेने के लिए अपनायें ये 5 उपाय

**भोपाल ।** ताजी सिंकी हुई ब्रेड की महक, ग्रिल पर मसालेदार मीट बनने की आवाज और हर व्यंजन के तरह-तरह के रंग और फ्लेवर की कल्पना कीजिए। इफ्तार का असली मजा यही है। हालांकि रमजान का त्योहार खाने-पीने से ज्यादा बहुत कुछ है यह आध्यात्मिक विकास का समय है लोगों का अपने धर्म से फिर से जुड़ने का समय है अब जल्द ही रमजान आने वाला है इफ्तार के दावत की तैयारियां चल रही हैं अब यह विचार करना बहुत जरूरी हो गया है कि कैसे हम डायबिटीज से जूझ रहे लोगों और उनका ख्याल रखने वाले लोगों की त्योहार अच्छी तरह मनाने में मदद कर सकते हैं रमजान का रोजा रखना डायबिटीज के रोगियों के लिए काफी मुश्किल होता है इसके लिए उन्हें अपने रूटीन और लाइफस्टाइल में भारी बदलाव करना पड़ता है जिससे दिन भर अपने ग्लूकोज लेवल को ठीक करने में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अपना ग्लूकोज लेवल लगातार जांचते रहना चाहिए। अपने घरों में रहते हुए ऐसा करने के बहुत से तरीके हैं फ्री स्टाइल लिबरे जैसे कॉन्टिन्यूस ग्लूकोज मॉनिटरिंग (सीजीएम) जैसे डिवाइस पहने जा सकते हैं यह रमजान में रोजे के समय या इफ्तार के समय डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को अपने ग्लूकोज लेवल की सही रीडिंग और ट्रेंड तक पहुंच के लिए आसान विकल्प देते हैं। इसमें उन्हें पारंपरिक ग्लूकोज टेस्टिंग की तरह उंगली में सुई चुभने का दर्द नहीं सहना पड़ता। डॉ. सचिन कुमार गुप्ता एमडी डायबेटोलॉजिस्ट कृष्णा डायबिटीज क्लिनिक एंड एजुकेशनल रिसर्च सेंटर भोपाल ने कहा जिन लोगों की डायबिटीज ज्यादा नियंत्रित रहती है उन्हें रमजान में लंबे समय तक रोजा रखने के दौरान शुगर लेवल को मेंटेन रखने के लिए कुछ कदम उठाने चाहिए। कई ऐसी सेहतमंद अच्छी आदतें हैं, जिसका सहरी और इफ्तार के दौरान लोगों को पालन करना चाहिए। अपने रोजे के दौरान अपने ब्लड शुगर की निगरानी करना नहीं भूलना चाहिए। आप आसानी से यह कर सकते हैं। आप चलते-फिरते भी यह काम कर सकते हैं क्योंरकि अब पारंपरिक ब्लड ग्लूकोज की टेस्टिंग, जिसके लिए उंगली में पिन चुभोनी पड़ती है, के साथ अपना ग्लूकोज लेवल मापने के लिए नई कॉन्टिन्यूस ग्लूकोज मॉनिटरिंग (सीजीएम) डिवाइस के भी विकल्प मौजूद हैं। इसके साथ ही डॉक्टर की सलाह लेनी भी जरूरी है कि आपको इन दिनों में अपनी दवाई में किस तरह बदलाव की जरूरत है। रोजा रखने के समय डायबिटीज को मैनेज करने के लिए टाइम इन रेंज द्वारा सीजीएम डिवाइस जैसे मानकों का ध्यान रखना जरूरी है। टाइम इन रेंज समय का वह भाग होता है, जब व्यक्ति का ग्लूकोज लेवल तय रेंज में होता है। अपनी ब्लड शुगर की रीडिंग को अक्सर जांचते रहना काफी जरूरी है, जिससे आपके ब्लड शुगर लेवल में सुधार आएगा और आपको लंबे समय में स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें नहीं होंगी। व्यक्ति का लक्ष्य हर दिन 24 में से 17 घंटे अपनी ब्लड शुगर को रेंज में रखना होना चाहिए। इसके अलावा



रमजान का त्योहार मनाते समय डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को यह बातें ध्यान में रखनी चाहिए। इस साल रमजान का त्योहार मनाते समय अपनी डायबिटीज को कंट्रोल में रखने के कुछ टिप्स यहां दिए जा रहे हैं सहरी (सूर्योदय से पहले) में आपको अपनी ऊर्जा बढ़ाने के लिए भोजन लेना चाहिए- अपनी सहरी के लिए आपको रेशे और स्टार्च से युक्त खाद्य पदार्थ लेने चाहिए, जिससे एनर्जी काफी लंबे समय तक बनी रहती है। इसके लिए सहरी में ओट्स, मल्टीग्रेन ब्रेड, ब्राउन या बासमती चावल, दाल और अन्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए। आप ताकत के लिए मछली, टोफू और ड्राईफ्रूट्स भी ले सकते हैं। आपको इन दिनों पानी ज्यादा पीना चाहिए, पर शुगर या हाई कैफीन युक्त पेय पदार्थों, जैसे कॉफी, सॉफ्ट ड्रिंक्स का सेवन करना चाहिए।नियमित रूप से ब्लड शुगर की निगरानी करें- अपना ग्लूकोज लेवल लगातार जांचते रहना चाहिए। अपने घरों में रहते हुए ऐसा करने के बहुत से तरीके हैं। फ्री स्टाइल लिबरे जैसे कॉन्टिन्यूस ग्लूकोज मॉनिटरिंग (सीजीएम) जैसे डिवाइस पहने जा सकते हैं। यह रमजान में रोजे के समय या इफ्तार के समय डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को अपने ग्लूकोज लेवल की सही रीडिंग और ट्रेंड तक पहुंच के लिए आसान विकल्प देते हैं। इसमें उन्हें पारंपरिक ग्लूकोज टेस्टिंग की तरह उंगली में सुई चुभने का दर्द नहीं सहना पड़ता। इफ्तार (रोजा तोड़ने के समय) अच्छी तरह खाएं- रमजान के रोजे को खजूर और दूध के साथ तोड़ना चाहिए। इसके बाद आप कार्बोहाइड्रेट का सेवन कर सकते हैं। पानी भरपूर पीना चाहिए। मिठाई और तले-भुने फूड आइटम सोच-समझ कर खाने चाहिए क्योंकि यह आपकी सेहत पर प्रभाव डाल सकते हैं। अगर आप रात को सोते समय फल खाएं तो तड़के सुबह तक अपना शुगर लेवल मेंटेन रखने में मदद मिल सकती है। हल्की कसरत का रूटीन फॉलो करें-आपको कसरत करते रहना चाहिए, लेकिन ज्यादा थकान न हो, इसके लिए ज्यादा मुश्किल कसरत नहीं करनी चाहिए। आप साधारण वर्कआउट कर सकते हैं। आप वॉकिंग की एक्सरसाइज कर सकते हैं या योग कर सकते हैं। रेजिस्टेंस ट्रेनिंग से आपको अपनी मांसपेशियों की ताकत भी कम नहीं होगी। इससे रमजान के महीने में आप में ताकत और स्टेमिना भी आएगा। अच्छी नींद लीजिए- पर्याप्त और गहरी नींद लेनी चाहिए। यह अच्छी सेहत और बेहतर ढंग से रहने के लिए जरूरी है। रमजान के दौरान खासतौर पर आपका सुबह होने से पहले का खाना आपकी एनर्जी के लिए बहुत जरूरी है। इस समय गहरी नींद लेने से आप शरीर को फिट रख सकते हैं। इससे आपको नींद की कमी को दूर रखने में मदद मिलेगी, जो आपकी भूख पर भी असर डाल सकती है। इससे आपकी पाचन शक्ति भी ठीक रहेगी और ब्लड ग्लूकोज लेवल से नियंत्रित रखने में मदद मिलेगी। यह डायबिटीज को मैनेज करने के लिए बहुत जरूरी है।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह 3 बजे आयेंगे और 5 बजे जायेंगे



**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 18 मार्च को दोपहर 2=15 बजे हेलिकॉप्टर से जंबूरी ग्राउंड भोपाल के हैलिपेड से प्रस्थान कर दोपहर 3=15 बजे हैलिपेड छिंदवाड़ा पहुंचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शाम 4=50 बजे हेलिकॉप्टर से हैलिपेड छिंदवाड़ा से प्रस्थान करेंगे ।

## चौरई ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में संगठनात्मक विषयों पर हुई चर्चा



**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ व जिले के सांसद श्री नकुलनाथ के विकास कार्यों सहित संगठनात्मक विषयों पर आज चौरई ब्लॉक कांग्रेस की आयोजित बैठक में चर्चा की गई। आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस निरंतर बैठकों के माध्यम से पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरा जा रहा है।जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने आज चौरई ब्लॉक कांग्रेस की बैठक को सम्बोधित किया, उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के कांधों पर अहम जिम्मेदारी है जिसे आप सभी भली भांति जानते हैं। उन्होंने प्रदेश की भाजपा और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को घेरते हुये कहा कि आज महंगाई, बेरोजगारी, आदिवासी अत्याचार और भ्रष्टाचार में प्रदेश पूरे देश में एक नम्बर पर है। उन्होंने आगे कहा कि हमें भाजपा की इन्हीं नाकामियों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजित बैठक में विधायक सुजीत चौधरी एवं पूर्व विधायक गम्भीर सिंह चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## आकाशीय बिजली गिरने से दीवार पर आई दरार, इलेक्ट्रॉनिक सामान भी उड़े



**अमरवाड़ा ।** शहर सहित ग्रामीण इलाकों में दोपहर से लगभग 3 घंटे अचानक तेज बारिश हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगह ओलावृष्टि की भी खबर है। इस दौरान नगर के टीवीएस शोरूम के सामने विजय नेमा की बिल्डिंग पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिसके चलते दीवार पर दरार पड़ने सहित आसपास के दुकानदारों सहित रहवासियों के घरों के सभी इलेक्ट्रॉनिक सामानों के उड़ने की भी खबर सामने आई है। इसके अलावा तहसील परिसर के सिस्टम में भी तेज बारिश और बिजली की गड़गड़ाहट के बीच तकनीकी गड़बड़ी सामने आई है। हालाकि खबर लिखने तक कोई जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। विदित हो कि 21 मार्च तक मौसम विभाग ने बिजली की गड़गड़ाहट के साथ साथ पानी गिरने का अनुमान जताया है। तेज बारिश के चलते क्षेत्रीय किसान लगातार चिंतित दिखाई दे रहे हैं। विदित हो कि गेहूं की फसल पूरी तरह आ गई है। कई खेतों की फसलें कटकर रख दी गई है। तो कहीं कहीं फसल कटना बाकी है।

## प्रदेश साहू समाज के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये गये केशव साहू



**छिंदवाड़ा ।** समाज सेवी गंज के व्यवसायी केशव साहू, समाज के प्रदेश अध्यक्ष, भगवान साहू महासिचव, टी.आर.साहू द्वारा केशव साहू को प्रदेश के संगठन पद से पदोन्नत कर साहू समाज की उड़ान पत्रिका ग्रुप का प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये गये है। इनकी पदोन्नति पर प्रदेश भर के समाजिक बन्धुओं ने बधाई दी है।

## अपनी प्रतिभाओं का निखारने का मंच है एनएसएस




**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के द्वारा गोद ग्राम गुरेया ढाना चिमन में प्राचार्य डॉ. अजरा एजाज के मार्गदर्शन व कार्यक्रम अधिकारी प्रो.पूनम उसरेठे एवं प्रो.रिंकी भावर के कुशल नेतृत्व में चल रहे रासेयो के प्रथम एवं द्वितीय ईकाई के सात दिवसीय शिविर के षष्ठम दिवस में महाविद्यालय से श्रीमती श्रद्धा पटेल, श्रीमती शहरीन बानो, श्री पलाश तिवारी, कु.मुस्कान ठाकुर, श्रीमती प्रतिभा भारती उपस्थित रहे । बौद्धिक सत्र में श्री पलाश तिवारी ने एनएसएस लक्ष्य गीत के माध्यम से एनएसएस के उद्देश्यो से परिचित करवाया एवं शहरीन बानो ने एनएसएस के द्वारा व्यक्तित्व विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। स्वयंसेवी और स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित एवं रासेयो के लक्ष्य गीत से हुई।शिविर में सांसद प्रतिनिधि रेशमा खान ने भी शिविर का अनुभव साझा किया।कार्यक्रम में स्थानीय जनसमुदाय व स्कूल के बच्चों ने बहुत ही उत्साह के साथ उपस्थित हुए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। महाविद्यालय के डॉ.सुदीश सूर्यवंशी ,श्री शोभाराम जम्होरे, कु.तंजीम मंसूरी मौजूद थे ।

## गर्भवती महिला का उपचारनहीं किये जाने शिकायत तथ्यहीन व निराधार

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.सी.चौरसिया ने जिले के विकासखंड पांढुर्णा के ग्राम बिछुआकला (मारूड़) की एक आदिवासी महिला श्रीमती कविता पति संदीप टेकाम से संबंधित शिकायत की जांच कराई गई ।

### उज्जैन में महाकाल लोक, छिंदवाड़ा में हनुमान लोक की तर्ज पर ...

# छिंदवाड़ा में कपुर्धा लोक बनाया जाना चाहिये

**गोविन्द चौरसिया**



**छिंदवाड़ा ।** जिस तरह उज्जैन में महाकाल लोक एवं जामसांवली में हनुमान लोक बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है, इसी तरह कपुर्धा में स्थित षष्ठी माता मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, हनुमान मंदिर, राम मंदिर, खेड़पति देवी मंदिर, शिवमंदिर है, जो आकर्षण का केन्द्र है, कपुर्धा षष्ठी माता मंदिर क्षेत्र का प्रसिद्ध मंदिर है जहां प्रतिमाह हजारों की संख्या में लोग अपनी मनौति मानने एवं दर्शन के लिए आते है, इस मंदिर का संचालन किसी निजी व्यक्ति द्वारा किया जाता है इस मंदिर की आय एक करोड है जो निजी हाथों में जाती है।








कपुर्धा के 81 वर्षीय पंडित सेवक राक शास्त्री ने बताया कि कपुर्धा में जो मंदिर बने है वे बहुत संमृद्ध है। सभी मंदिर के आप अपनी जमीन है, जो लोगों ने स्थापना के समय दान दी हुई होगी। श्री शास्त्री जी ने बताया कि राधाकृष्ण मंदिर के पास 40 एकड़ जमीन है। शिवमंदिर के पास 16 एकड़ जमीन है, हनुमान मंदिर के पास 8 एकड़ जमीन है, इसके अलावा और भी मंदिर है। कपुर्धा बड़ी रेल से जुड़ा है जो छिंदवाड़ा-नैनपुर मार्ग में चौरई के पास है।

पंडित सेवक राम शास्त्री कहते है कि जिस तरह महाकाल लोक बना है, जामवासंवली को हनुमान लोक बनाने की घोषणा कि है। उसी तरह कपुर्धा में जितने मंदिर है उन सबको मिलाकर कपुर्धा लोक बनाया जा सकता है, जो एक अच्छा धार्मिक स्थल बन जायेगा, जहां पर पर्यटन की संभावना बहुत होगी, वर्तमान दर्शनार्थी सुबह आते है और पूजा कर चले जाते हैं। षष्ठी माता मंदिर की प्रसिद्धी बहुत है, मंदिर भी बहुत पुराना है, यहां मनौति, झालर एवं बच्चों के ऊपर से पानी उतारने बच्चों को लाया जाता है, जिससे बच्चे स्वस्थ्य हो जाते है, ऐसी मान्यता है। अत: कपुर्धा को पर्यटन स्थल बनाये जाने सरकार को प्रयास किया जाना चाहिये।

## पांढुर्णा में बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ का हुआ गठन

**छिंदवाड़ा ।** राजीव भवन में आज कांग्रेसमें नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी एवं पूर्व विधायक जतन ऊइके के द्वारा प्रदान किए गए जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुकेश उपाध्याय ने बताया कि पांढुर्णा में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे जी की अनुशंसा पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी केअध्यक्ष कमलनाथ जी व जिले के सांसद नकुलनाथ जीके निर्देश पर पांढुर्णा ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण राऊत नगर अध्यक्ष रत्नाकर कामड़े नादनंबाडी ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर मोहम्मद रफीक मंसूरी एवं जिला कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ के महामंत्री पद पर शिवनाथ नारनवरे को नियुक्त किया गया है एवं उन्हें पांढुर्णा ब्लॉक का प्रभारी नियुक्त किया गया है साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के विस्तार के निर्देश दिए गए हैं उनकी इस नियुक्ति पर उन्हें अनेकों लोगों ने बधाई दी है जिसमें पूर्व विधायक पांढुर्णा विधानसभा जतन ऊइके विनय राजपूत धीरज घोंगे सोनू परवेज़ शैलू सेंगर नारू सोनी जितेन्द्रसिंह चौहान बाबा ठाकुर अर्पित नायक सुनील इंगले राजेंद्र डोंगरे आदि प्रमुख इस अवसर पर उपस्थित थे।

## अमृत कौर मिसेस इंडिया इंटरनेशनल ब्यूटी क्वीन का 19 मार्च को सिवनी आगमन

**समाज सेवियों का सम्मान**



**छिंदवाड़ा17मार्च( जनपक्ष )।** जन परिषद के सिवनी चैप्टर का शुभारंभ एवं समाजसेवी प्रतिभाओं का होगा सम्मान जन परिषद के सिवनी चैप्टर के अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल ने बताया कि 19 मार्च रविवार शाम 7 बजे ग्रैंड रजवाड़ा सिवनी में जन परिषद के सिवनी चैप्टर का शुभारंभ एवं समाजसेवी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम में 2020 में मिसेस इंडिया इंटरनेशनल ब्यूटी क्वीन अमृत कौर का नगर आगमन हो रहा है इनके कर कमलों से सिवनी नागरिक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है इस अवसर पर ढाल सिंह बिसेन सांसद सिवनी बालाघाट, दिनेश राय मुनमुन विधायक सिवनी, एवं जन परिषद समिति से रामजी श्रीवास्तव संयोजक जन परिषद, नितिन श्रीवास्तव सचिव, गोविंद चौरसिया प्रांतीय सचिव की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा आप सभी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं।

## जनता के सामने झूठी वाहवाही लेने का प्रयास कर रहे है कमलनाथ और कांग्रेस के लोग

**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे ने कमलनाथ और उनके तनखईयों पर छिंदवाड़ा की जनता को लगातार बेवकूफ बनाने और मध्यप्रदेश और केन्द्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से विकास कार्यो के लिये प्राप्त होने वाली राशि को कमलनाथ के माध्यम या प्रयासों से प्राप्त राशि बताकर झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है ।विगत 20 फरवरी को मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा प्रदेशभर के 413 नगरीय निकायों को सिंगल क्लिक के माध्यम से सभी नगरीय निकायों में आयोजित सीधा प्रसारण कार्यक्रम में जो कि छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्र. 20 चौड़ाबाबा मंदिर के समीप कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों और आम जनता के मध्य ''कायाकल्प'' योजना अंतर्गत 750 करोड़ रूपये की योजना लागू की गई जिसके अंतर्गत छिंदवाड़ा नगर निगम को 7 करोड़ रूपये की राशि आवंटित कर 20 फरवरी को ही सिंगल क्लिक के माध्यम से 3.50 करोड़ रूपये ट्रांसफर कर दिये गए थे लेकिन आज कांग्रेस कार्यालय के माध्यम से प्रदेश सरकार की ''कायाकल्प'' योजना के माध्यम से शहर की सड़कों की रिपेरिंग और निर्माण कार्य को कमलनाथ की उपलब्धी और प्रयास बताने का काम किया जा रहा है जो की सरासर झूठ है।

## जिला युवा कांग्रेस ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

### सभी ब्लाको में होगा उग्र प्रदर्शन



**छिन्दवाडा ।** म.प्र. की आदिवासी विरोधी शिवराज सरकार की दमनकारी नीतियो एंव महू जिले में घटित जघन्य गोली कांड के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने स्थानीय रानी दुर्गावती चौक खजरी में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।युवा कांग्रेस अध्यक्ष एकलव्य यहके के नेतत्प में हुये इस आन्दोलन में उपस्थित सैकड़ो युवाओ ने एक स्वर में घटना की निंदा करते हुये इसे आदिवासी के विरूद्ध जानबूझकर की जा रही कार्यवाही बताया। श्री यहके ने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश में लगभग प्रतिदिन आदिवासियों पर अत्याचार हो रहे है परंतु प्रदेश की भाजपा सरकार सोई हुई है। महू में भी आदिवासी युवती से हुये दुराचार एंव हत्या तथा पुलिस द्वारा बिना किसी चेतावनी के की गई गोलीबारी में आदिवासी युवक भेरूलाल की मौत के लिये प्रदेश की भाजपा सरकार व भाजपा की पुलिस पूरी तरह जिम्मेदार है।

**महू घटना के दोषियो पर कार्यवाही की मांग**

गत दिवस म.प्र. के महू जिले के गवली पलासिया क्षेत्र में आदिवासी युवती से हुये दुष्कर्म एंव हत्या के विरोध में ग्राम वासियों द्वारा पुलिस कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर हुये घटना क्रम में पुलिस द्वारा किये गये गोली चालन में एक निहत्थे आदिवासी युवक की मौत को लेकर जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ ने अपना विरोध दर्ज करते हुये प्रदे'1 के महामहिम के नाम ज्ञापन सौंपाअपने ज्ञापन में जिला कांग्रेस आदिवासी प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयो ने महामहिम से मांग की है कि युवती से हुये दुष्कर्म एंव आदिवासी युवक की गोली लगने से हुई मौत की तत्काल निष्पक्ष जांच करवाकर दोषियो के विरूद्ध तत्काल कठोर से कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जावे साथ में गोली चालन में मारे गये भेरूलाल के परिजनो को एक करोड़ रूपयो की राशि व एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जावे। ज्ञापन प्रस्तुत करते समय रामकि'ोर उइके, राजू वाडिवा, पूनम उइके, संतोष भारती, राजेन्द्र शाह, दुर्गेश परते, सुरेन्द्र मर्सकोले, लोकेश अहके, गुलाब धुर्वे, कंचन भवरे, सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## साहू समाज आदर्श विवाह में समाज नव-युगलों को उपहार में देगा एक लाख की घर-गृहस्थी की सामग्री

### विधवा पुन: विवाह का भी समाज ने लिया है बड़ा फैसला



छिंदवाड़ा । माँ कर्मा के जयकारों के साथ रैली का श्री गणेश परासिया मार्ग स्थित पूजा लॉन से समाज के अध्यक्ष नरेंद्र सामाजिक बंधु शामिल हुए रैली पूजा लॉन से सत्कार तिराहा, जेल तिराहा , फव्वारा चौक, तालाब,चार फाटक होते हुए साहू समाज भवन पहुंची जहां माँ कर्मा की सामूहिक महाआरती के साथ गया रैली में मां कर्मा की झांकी आकर्षण का केंद्र रही, बैंड बाजे डीजे के साथ सामाजिक बंधुओं ने नाच-गाना भी किया माँ कर्मा जयंती पर साहू समाज महिला मंडल ने समाज भवन में रंगोली, मेहंदी, थाल सजावट , निबंध, केशकला नेल्सकला सहित विविध प्रतियोगिताएं की जिसमें समाज की युवा शक्ति ने भागीदारी की भवन में माँ कर्मा देवी की महाआरती कर छप्पन भोग लगाया गया सांस्कृतिक कार्यक्रमो मैं नृत्य, गायन प्रस्तुत किया गया।

माँ कर्मा जयंती पर समाज भवन में 18 मार्च को आदर्श विवाह होंगे इनमें 6 जोड़ो का विवाह तय है जोड़ो को समाज की ओर से एक लाख रुपया की घर गृहस्थी की सामग्री उपहार में भेंट की जाएगी समाज ने विवाह को लेकर विधवा विवाह को भी मान्यता दी है कार्यक्रम के समापन पर पारितोषिक वितरण होगा ।

## पूर्व नगर निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी का 50वां जन्मदिन मनाया



**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र में मिगलानी के 50 में जन्म दिवस के अवसर पर चौधरी चंद्रभान सिंह के निवास स्थान पर पूर्व विधायक चौधरी चंद्रभान द्वारा उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी गई इस अवसर पर योगेश सदारंग, दिवाकर सदारंग, अरुण शर्मा, राजेश बैस, मोन्टी शर्मा, राहुल शर्मा, अभिलाष गोहर, बंटी राय, उत्कर्ष चौधरी,सचिन चौरसिया विशाल गड़ेवाल, राकेश अग्रवाल, सचिन काले, मिगलानी, संदीप चौहान, दीपक कोल्हे, नितिराज रघुवंशी, गुड्डा मामा, सनी मालवी, हिमाचल ठाकुर, अलकेश मालवी, आदि उपस्थित थे।

## आगामी समय में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में नगद राशि ऑन लाइन वितरित की जाएगी

**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अति महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना को जिला पंचायत में बैठे एवं नगर निगम में बैठे कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा कुछ कांग्रेसी सप्लायर और दलाल, अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर पलीता लगाने का काम कर गरीबों का हक मार के करोड़ों रुपए कमाने के प्रयास में थे सामूहिक विवाह के दो दिन पूर्व से भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों एवं नेता प्रतिपक्ष ने जिलाध्यक्ष भाजपा विवेक बंटी साहू के निर्देशन में कन्याओं को दी जाने वाली सभी सामग्रियों की बारीकी से छानबीन करते हुए वीडियोग्राफी और फोटोग्राफ के साथ मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री के समक्ष संपूर्ण साक्ष्यों को प्रस्तुत किया और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में किए जा रहे घोटाले और गरीबों के साथ हो रहे अन्याय की जानकारी अपने वरिष्ठ नेताओं को दी जिस पर कार्यक्रम स्थल के मंच पर ही प्रभारी मंत्री श्री कमल पटेल ने सभी सामग्रियों के वितरण पर रोक लगाई उनकी गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए और दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर छिंदवाड़ा को दिए गए छिंदवाड़ा भाजपा के पार्षदों की मुहिम रंग लाई और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुरहानपुर के कार्यक्रम में यह घोषणा की कि आगामी समय में सभी कन्याओं को वैवाहिक बंधन में बंधने पर सामूहिक विवाह के अंतर्गत होने वाले विवाह में सरकार की ओर से कोई भी सामग्री ना वितरित करते हुए नगद राशि ऑन लाइन वितरित की जाएगी जो कि वास्तव में उस गरीब के साथ न्याय और और उसे उसका हक मिलेगा ऐसी भाजपा पार्षदों के द्वारा प्रतिक्रिया दी गई और भोजन वितरण से लेकर सामूहिक विवाह में की गई सभी खरीदी और व्यय की जांच करने की मांग जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से की है।

## लाड़ली बहाना योजना का नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी जानकारी



**छिंदवाड़ा ।** पी जी कॉलेज छिंदवाड़ा प्राचार्य डॉ पी आर चंदेलकर के संरक्षण, राष्टीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर प्रभारी द्वय डॉ जगमोहन सिंह पूषाम, प्रो महेंद्र साहू के नेतृत्व में शिविर के पंचम दिवस पर ग्राम भमाड़ा के ग्राम पंचायत खंशवाड़ा में जाकर शिविरारार्थियो ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लाडली बहाना योजना, स्वच्छता ही स्वास्थ्य जीवन की पहचान है विषय पर नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीण जनों को जागरूक किया एवं लाडली बहाना योजना का लाभ उठाने एवं इसकी प्रक्रिया क्या है एवं इसके लिए महिलाओं की पात्रता के बारे में बताया तथा पंचायत जाए जानकारी पाए। नारे के माध्यम से लाडली बहाना योजना का लाभ उठाए। बौद्धिक सत्र के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पधारे प्रो आनंद नेमा ने स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वयंसेवक लोकेश सनोडिया ने किया तथा अतिथि के रूप में ओमशंकर ठाकुर। मंच संचालन शिविर नायक विशाल सलामे तथा आभार प्रदर्शन प्रोफेसर महेंद्र साहू ने किया। शिविर में शिविर उप नायक नीलेश ब्रम्हने, कोर ग्रुप लीडर आदिल मंसूरी एवं विवेक सरयाम, चंदन साहू, ओम शंकर ठाकुर, जयप्रकाश मंडानी, संजय राकेशिया, विक्रम भलावी, अर्जुन उईके, अभिषेक विश्वकर्मा, , बालकराम पहाड़े,आशीष मर्सकोले, दुर्गेश चैधरी, देवीदास पहाड़े ,जीवन धुर्वे, लक्ष्मण कड़वे, संजू बर्मन, बिट्ठूराम मालवी, विशाल सूर्यवन्शी, मानस भारद्वाज सहित सभी शिविरार्थी उपस्थित रहे।

## सिवनी-चौरई के विद्युतीकरण के साथ नागपुर मण्डल शत-प्रतिशत विद्युतीकृत

### क्लीन एनर्जी = ग्रीन एनर्जी के लिए प्रतिबद्ध नागपुर मण्डल सालाना लाखों टन कार्बन फुटप्रिंट की बचत

**छिंदवाड़ा ।** भारतीय रेलवे दुनिया में सबसे बड़ा हरित रेलवे बनने के लिए मिशन मोड में काम कर रहा है और वर्ष 2030 से पहले '' शून्य कार्बन उत्सर्जक'' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।नए भारत की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए भारतीय रेलवे को पर्यावरण के अनुकूल, कुशल, लागत प्रभावी, समयनिष्ठ और यात्रियों के आधुनिक वाहक के साथ-साथ माल ढुलाई के समग्र दृष्टिकोण अनुसार तैयार किया जा रहा है।भारतीय रेल ने अपने सम्पूवर्ण ब्रॉडगेज नेटवर्क के विद्युतीकरण की महत्वा कांक्षी योजना प्रारम्भन की है। इस योजना से न केवल बेहतर ईंधन ऊर्जा का उपयोग होगा, जिससे उत्पारदन बढ़ेगा, ईंधन खर्च में कमी आएगी, बल्कि मूल्यऊवान विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। इसी कड़ी में नागपुर रेल मंडल की रेल लाइनों का 100प्रतिशत विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किया गया है । छिंदवाड़ा-नैनपुर सेक्शन के अंतर्गत सिवनी-चौराई 32.59 किलोमीटर रेलखंड के विद्युतीकरण के साथ ही नागपुर रेल मण्डल ने 100त्न विद्युतीकरण के लक्ष्य को पूरा किया है । सिवनी और इसके आसपास के जंगल को प्रसिद्ध लेखक रुडयार्ड किपलिंग द्वारा लिखित द जंगल बुक के मुख्य किरदार मोगली की क्रीड़ास्थली के रूप में भी जाना जाता है । नागपुर रेल मंडल में विद्युतीकरण के सफर की शुरुआत 1989-90 में मुंबई-हावड़ा मेन लाइन पर दुर्ग-पनियाजोब रेल लाइन के विद्युतीकरण के साथ शुरू हुआ । 31मार्च, 1990 को दुर्ग-पनियाजोब रेलखंड, 22 जनवरी, 1991 को पनियाजोब-गोंदिया रेलखंड, 31 मार्च, 1991 को गोंदिया-भंडारारोड रेलखंड, 30 नवंबर, 1991 को भंडारारोड-थारसा रेलखंडएवं 28 दिसंबर,1991 को थारसा-नागपुर रेलखंड का विद्युतीकरण कार्य पूर्ण किया गया । नागपुर रेल मण्डल के अंतर्गत जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया, नागपुर-छिंदवाड़ा, छिंदवाड़ा-नैनपुर-मांडलाफ़ोर्ट रेल खंड को छोटी लाइन से बड़ी लाइन में गेज परिवर्तन के साथ ही साथ विद्युतीकृत किया गया है । इस प्रकार नागपुर रेल मंडल कुल 1206.5 रूट किलोमीटर एवं 2111.8 ट्रेक किलोमीटर रेल लाइनों के साथ शत-प्रतिशत विद्युतीकृत है। वर्तमान में नागपुर रेल मंडल से वंदे भारत जैसी देश की नामी ट्रेन, राजधानी, जनशताब्दी व अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों सहित बहुतायत संख्या में मेमू ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसके साथ ही सर्वाधिक माल लदान करने वाले जोनों में से एक होने के गौरव प्राप्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकांश मालगाड़ियों का परिचालन नागपुर मण्डल से होकर किया जाता है



### अप्रैल के प्रथम सप्ताह में चल सकती है छिंदवाड़ा-नैनपुर बड़ी रेल

**छिंदवाड़ा।** ऐसा लगता है कि छिंदवाड़ा-नैनपुर रेल अप्रैल के प्रथम सप्ताह में प्रारम्भ होगी। बताया जाता है कि सी.आर.एस के बाद नई जांचे होना बाकी है। नई पदस्थ श्रीमती नमिता त्रिपाठी डी.आर.एम 19 मार्च को रेल लाईन एवं विद्युतिकरण का निरिक्षण करने आ रही है। शीघ्र ट्रेन चलाने हेतु सिवनी बालाघाट के सांसद ढालसिंग बिसेन ने रेल्वे पद दबाव बनाया है।

## एनएसयूआई ने किया यूनिवर्सिटी का घेराव, सौंपा ज्ञापन

### छात्रों की विभिन्न मांगों सहित स्थायी कुलपति की रखी मांग



छिंदवाड़ा । जिला एन.एस.यू.आई. छिंदवाड़ा द्वारा आज छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी का घेराव करते हुये छात्रों की विभिन्न मांगो एवं स्थायी रूप से कुलपति की नियुक्ति किये जाने के संबंध में राज्यपाल के नाम अपनी 7 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा । उक्ताशय की जानकारी जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर ने बताया कि छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय में विगत् वर्षो से समय पर परीक्षा नहीं होने के कारण, परीक्षा परिणाम में लेट लतीफी के कारण छात्र परेशान हैं, वहीं परीक्षा परिणाम भी लगातार निराशाजनक आ रहे हैं एवं छात्र स्कॉलरशिप से वंचित हो रहे हैं, छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी के द्वारा आज तक छात्रों को डिग्री नहीं दी गई है, यूनिवर्सिटी की बेबसाईट आये दिन बंद रहती है जिससे छात्रों को परीक्षाओं के आयोजन एवं अन्य जानकारी नहीं मिल पाती है। साथ ही रि-टोटलिंग एवं रि-चैकिंग के रिजल्ट समय पर नहीं आने के कारण अगले वर्ष में प्रवेश नहीं मिल पाता है। छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी में भी स्थायी रूप से कुलपति की नियुक्ति नहीं किये जाने के छात्रों की समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है । एन.एस.यू.आई. जिलाध्यक्ष अजय ठाकुर ने आरोप लगाया कि वैसे ही यूनिवर्सिटी की स्थिति बहुत खराब है, ऐसी स्थिति में स्थायी कुलपति को हटाकर प्रभारी कुलपति की नियुक्ति करना प्रशासन पर राज्य सरकार पर प्रश्न चिन्ह लगाता है, उन्होनें कहा कि भाजपा की सरकार में अब छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है, और यदि ऐसी ही लापरवाही चलती रही एवं स्थायी कुलपति की पदस्थापना नहीं की जाती है, तो जिला एन.एस.यू.आई. अस्थायी कुलपति का बहिष्कार कर यूनिवर्सिटी में तालाबंदी करेगी । इस अवसर पर पी.जी. कालेज सांसद प्रतिनिधि विश्वेन्द्र सिंह बैस, जिला एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, निहाल सक्सेना, समर्थ मैद, नितिन डेहरिया, अनुराग डेहरिया, पीयूष शर्मा, तनुल शर्मा, मोन्टी खान, सूरज बिहारे, अंकित डेहरिया, अर्पित तिवारी, अनुराग जम्होरे, अंसार मंसूरी, भूपेन्द्र यदुवंशी, अमन सक्सेना, अंशुल शर्मा, सहित विद्यालयीन छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश शासन



# मिलाकर कदम से कदम
# आइये, साथ चलें हम



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

**शिवराज सिंह चौहान**, मुख्यमंत्री

जन अभियान
मध्यप्रदेश परिषद
संगच्छध्वम् संवदध्वम्

## प्रस्फुटन समितियों एवं स्वैच्छिक संगठनों का

# महाकुंभ

जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के मेंटर्स एवं स्वैच्छिक संगठनों के 35 हजार प्रतिभागियों द्वारा सहभागिता

मुख्य अतिथि
## शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**18 मार्च, 2023 | अपराह्न 12:30 बजे**
**जम्बूरी मैदान, भोपाल**

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद
योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन

D-11247/22

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023